राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 330
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 23 अक्टूबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट
पेज 3 दिन भर छाया रहा स्मॉग, रेड जोन में पहुंचा ग्रेटर नोएडा
पेज 4 मायावती ने की दलित हत्या और पेशाब कांड की निंदा
पेज 6 शमी को भारी पड़ी चयनसमिति के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी

## संक्षिप्त खबरें

### केरल में राष्ट्रपति मुर्मू का हेलिकॉप्टर गड्ढे में फंसा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलिकॉप्टर बुधवार को उतरने के बाद गड्ढे में फंस गया। मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने भारतीय वायुसेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर को धक्का देकर गड्ढे से निकाला। प्रेसिडेंट सबरीमाला मंदिर में दर्शन करने जा रही थीं। यह घटना केरल के पथानामथिट्टा स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में हुई। यहां हेलीपैड जल्दबाजी में बनाया गया था। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने कहा, कन्क्रीट पूरी तरह से जम नहीं पाया था, इसलिए जब हेलिकॉप्टर उतरा तो वह उसका भार नहीं संभाल सका और एक तरफ झुकने लगा। जहां इसके पहिए जमीन को छू रहे थे, वहां गड्ढे बन गए।

### इंडिगो पायलट का मेडे कॉल-फ्यूल लीक हो रहा

वाराणसी। वाराणसी एयरपोर्ट पर बुधवार की शाम इंडिगो एयरलाइंस के विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। विमान का फ्यूल लीक होने लगा। उस वक्त विमान करीब 36000 फीट ऊंचाई पर उड़ रहा था। पायलट ने वाराणसी सीमा में घुसते ही एटीसी को मेडे मैसेज दिया और फिर लैंडिंग की बात कही। पायलट ने एटीसी को बताया- विमान में तकनीकी खराबी आ गई और फ्यूल लीक होने के चलते इंजन रेड सिग्नल दे रहा है। इसके बाद आनन- फानन में एटीसी ने फ्लाइट नंबर 6ई-6961 की जांच की और अगले 4 मिनट में रनवे को क्लियर कराया।



## हैप्पी मॉर्निंग

दो सहेलियां अपने-अपने बॉयफ्रेंड की तारीफ कर रही थीं
रिंकी- मेरा बॉयफ्रेंड बहुत हैंडसम है पिंकी- मेरे बॉयफ्रेंड का तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता
रिंकी- अच्छा वो इतना बहादुर है? पिंकी- अरे नहीं, वो गंजा है......




## शायरी

है आज रुख़ हवा का मुआफ़िक़ तो चल निकल
कल की किसे ख़बर है किधर की हवा चले

## अर्थसार

सेंसेक्स:
84,426.34
+474.16 (0.56%)
निफ्टी:
25,868.60
+25.45



## मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 18 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 6 : 26
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 57

# तमिलनाडु में भारी बारिश, 5 जिलों में स्कूल बंद

देश के दक्षिण राज्यों में उत्तर-पूर्वी मानसून के कारण बीते 2 दिन से तेज बारिश हो रही है। तमिलनाडु में आज बुधवार को भारी बारिश की चेतावनी है। राज्य के तिरुवल्लूर, चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और डेल्टा जिलों में मंगलवार से बारिश जारी है। चेन्नई में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। यहां अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट है। कुड्डालोर, विल्लुपुरम, रानीपेट, थूथुकुडी जिलों में भी स्कूल-कॉलेज में छुट्टी घोषित की गई है। तमिलनाडु सरकार ने प्रशासन को अलर्ट मोड रहने का निर्देश दिया है। इधर, बारिश के बीच चेन्नई के मरीना बीच से तेज समुद्री लहरें हवाएं तट से टकरा रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, अगले कुछ दिन तूफान की आशंका बनी रहेगी। प्रशासन ने मछुआरों और तटीय इलाकों के लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

### फैक्ट्री में आग



उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक फैक्ट्री में लगी आग को बुझाते हुए दमकलकर्मी।

# दिवाली के दूसरे दिन भी दिल्ली की हवा जहरीली

## एक्यूआई 345, 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशन रेड जोन में; आर्टिफिशियल बारिश का ट्रायल टला

**नई दिल्ली।** दिवाली के दूसरे दिन बुधवार को भी दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की धुंध छाई हुई है। एयर क्वालिटी अब भी जहरीली बनी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाइट के अनुसार, सुबह 7 बजे दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 दर्ज किया गया, जो गंभीर कैटेगरी में आता है।




राजधानी के कुछ इलाकों में एक्यूआई 400 पार भी बना हुआ है। पंजाबी बाग में एक्यूआई 433 और वजीरपुर में 401 रिकॉर्ड हुआ है। वहीं, दिल्ली के 38 में से 34 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पॉल्यूशन का लेवल अब भी रेड जोन में है। यानी हवा की क्वालिटी बहुत खराब से गंभीर स्तर पर है।

दिवाली के बाद देश में हरियाणा की हवा सबसे प्रदूषित हुई है। CPCB के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रदूषित हवा वाले 10 शहरों में हरियाणा के 8 और राजस्थान का एक शहर है। वहीं दिल्ली 10वें नंबर पर है।

दिल्ली में आर्टिफिशियल बारिश का ट्रायल एक बार फिर अटक गया है। जुलाई में शुरू होने वाला यह प्रयोग अब तक नहीं हो पाया है क्योंकि मौसम विभाग के मुताबिक, जरूरी बादल मौजूद नहीं हैं।

# बिहार चुनाव : महागठबंधन में सीटों पर तनातनी बढ़ी

- लालू-तेजस्वी से मिले अशोक गहलोत; कहा- कल जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, सब साफ हो जाएगा



**पटना।** बिहार चुनाव से पहले महागठबंधन में कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीटों और साझा घोषणा पत्र को लेकर खींचतान बढ़ गई है। मामला सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को पटना भेजा है।

गहलोत बुधवार सुबह पटना पहुंचे। उन्होंने आरजेडी प्रमुख तेजस्वी यादव और लालू यादव से उनके आवास पर एक घंटे मुलाकात की। गहलोत ने कहा, हमारी लालू जी और तेजस्वी यादव से अच्छी बातचीत हुई है। कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एनडीए के खिलाफ मजबूती से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मिलकर चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे।

बिहार में कुल 243 सीटें हैं, और कभी-कभी 5-7 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला हो सकता है। हम साथ मिलकर प्रचार करेंगे और चुनाव जीतेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने भी तेजस्वी से बात की है।

### तेजस्वी की 3 चुनावी घोषणाएं

तेजस्वी ने सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस की। गठबंधन पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा- गठबंधन पर कल बात करेंगे। 12 सीटों पर महागठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने चुनावी ऐलान भी किए।

**पहला**- सीएम जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी दर्जा दिया जाएगा। इनकी सैलरी 10 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए महीने की जाएगी।

**दूसरा**- सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाएगा।

**तीसरा**- हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

# लद्दाख के प्रतिनिधियों की केंद्र सरकार के साथ बातचीत

## केडीए सदस्य बोले- हमने राज्य का दर्जा देने और सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग की

**लेह।** लद्दाख के प्रतिनिधियों ने बुधवार (22 अक्टूबर) को दिल्ली में केंद्र सरकार के साथ बातचीत की।

गृह मंत्रालय की उप समिति के साथ बैठक में एलएबी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के तीन-तीन प्रतिनिधि, लद्दाख के सांसद मोहम्मद हनीफा जान और उनके वकील शामिल हुए। बैठक के बाद केडीए के मेंबर सज्जाद हुसैन कारगिली ने कहा कि पिछले छह सालों से हमारी मांग लद्दाख में लोकतंत्र की रही है। इसका समाधान लद्दाख को राज्य का दर्जा देना है। यह मुद्दा एक या दो बैठकों में नहीं सुलझ सकता। इसके लिए एक प्रक्रिया की ज़रूरत होगी, और यह प्रक्रिया जारी है।



कारगिली ने बताया कि हमने लद्दाख में आरक्षण नीति लागू करने पर भी बातचीत की। हमने 24 सितंबर की घटना में गिरफ्तार लोगों की रिहाई पर भी बात की, जिसमें सोनम वांगचुक भी शामिल हैं। हमने हिसा में मारे गए लोगों के परिजन और घायल हुए लोगों के लिए मुआवजा भी मांगा है। इसके पहले दोनों पक्षों के बीच मई में बातचीत हुई थी।

# सोना 5 दिन में 5,677 गिरा, 1.24 लाख पर आया

## चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,000 सस्ती; 1.52 लाख प्रति किलो बिक रही

**नई दिल्ली।** दिवाली के बाद सोना-चांदी के दाम में भारी गिरावट आई है। सोना अपने ऑल टाइम हाई से 5,677 रुपए और चांदी भी रिकॉर्ड हाई से 25,599 रुपए सस्ती हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज यानी, 22 अक्टूबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 3,726 रुपए घटकर 1,23,907 रुपए के स्तर पर आ गया है। इससे पहले ये 20 अक्टूबर को यह 1,27,633 रुपए पर था। वहीं 17 अक्टूबर को सोने ने 1,29,584 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



### चांदी के दाम एक दिन में 10,549 रुपए घटे

चांदी के दाम आज 10,549 रुपए घटकर 1,52,501 रुपए प्रति किलो पर आ गए हैं।

इससे पहले चांदी 1,63,050 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 14 अक्टूबर को चांदी 1,78,100 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंची थी।

# बेगूसराय में ट्रेन से कट कर 4 लोगों की मौत

## काली पूजा का मेला देख कर लौट रहे थे, रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बुधवार की देर शाम रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहे 4 लोग एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए।

हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें एक महिला, दो नाबालिग लड़की और एक युवक शामिल हैं। घटना बरौनी-कटिहार रेलखंड के साहेबपुर कमाल और उमेश नगर रेलवे स्टेशन के बीच रहुआ गांव की है।



बताया जा रहा है कि चारों लोग काली मेला देखकर घर लौट रहे थे। मृतक की पहचान रहुआ गांव के रहने वाले किशुनदेव महतो के बेटे धर्मदेव महतो (45), मदन महतो की पत्नी रीता देवी (40), मदन महतो की बेटी रोशनी कुमारी (17) और नीतीश कुमार महतो की बेटी आरोही कुमारी (10) के रूप में की गई है।

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची है।

रेलवे पुलिस ने बताया कि रहुआ गांव के लोग रघुनाथपुर गांव में आयोजित काली मेला देखने गए थे। मेला से लौटने के दौरान रेलवे लाइन क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेस ट्रेन आ गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

### आम्रपाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से गई जान

बताया जा रहा है कि खगड़िया की ओर जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से चारों की मौत हो गई। हालांकि, घटना कैसे हुआ इस संबंध में स्पष्ट रूप से अभी कोई बात जानकारी सामने नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ये लोग रेलवे ट्रैक के किनारे से जा रहे है। पीछे से ट्रेन आ गई।

# बेटे की हत्या के आरोप पर पूर्व डीजीपी का बयान

## बोले- वह मनोरोगी था; एसआईटी इंचार्ज ने कहा- किसी के बोलने से साबित नहीं होगा

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की मौत का मामला उलझता जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में एक अहम खुलासा हुआ है। अकील के शरीर पर, दाहिनी कोहनी से 7 सेंटीमीटर ऊपर, एक सिरिंज का सिंगल निशान मिला है। अकील की मौत के बाद उसकी ड्रग्स एडिक्शन की बात तो सामने आई थी, लेकिन इंजेक्शन से नशे का कहीं जिक्र नहीं हुआ। मेडिकल एक्सपर्ट की मानें तो नशा करने का आदी व्यक्ति शुरुआत में इंजेक्शन खुद को बाएं हाथ पर ही लगाता है, क्योंकि यह आसान होता है। जब बाएं हाथ पर बार-बार इंजेक्शन लगने से निशान बन जाते हैं और व्यक्ति अभ्यस्त हो जाता है, तब वह दाएं हाथ पर लगाता है। लेकिन, चूंकि अकील अख्तर इसका आदी नहीं रहा होगा, इसलिए उसके हाथ पर केवल एक ही निशान मिला है।



अकील अख्तर मृतक बेटा | रजिया सुल्ताना मां,पूर्व मंत्री | मो.मुस्तफा पिता, पूर्व डीजीपी

अकील की मौत की जांच के लिए एसआईटी का गठन हुआ है। एसीपी विक्रम नेहरा को इसका हेड बनाया गया है। उधर, अकील के पिता पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि मेरे बेटे को करीब 18 साल से साइकोटिक डिसऑर्डर (मनोरोगी) था। वो नशा भी करता था। 2007 में उसकी तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई थी। उसकी मौत को लेकर लोग राजनीति कर रहे हैं। वो अक्सर नशे की हालत में हिंसक हो जाता था। एक बार मेरी बहू की जान जाते-जाते बची। तब मैंने खुद बेटे को पुलिस के हवाले किया था।

# कलेक्टर के घर के पास महिला जज की चेन लूटी

## बीकानेर में बदमाशों ने लात मारकर स्कूटी से गिराया; दांत टूटा, टांके लगाने पड़े

बीकानेर। बीकानेर में कलेक्टर आवास के पास महिला जज (ट्रेनी) को 2 बदमाशों ने लूट लिया। बदमाशों ने पहले लात मारकर स्कूटी सवार जज को गिरा दिया था।

फिर गले से चेन लूट ली। स्कूटी से गिरने के कारण जज के चेहरे पर चोटें आई हैं। दांत भी टूट गया है। जज को टांके भी लगाने पड़े हैं। पीड़ित के पिता एडवोकेट हैं। उन्होंने (पिता) सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीकानेर कोर्ट में पिता प्रैक्टिस करते हैं। वही एएसपी सौरभ तिवारी का कहना है कि लूट का प्रयास हुआ है।

बीकानेर के पब्लिक पार्क से जयनारायण व्यास कॉलोनी की ओर जाने वाले मार्ग पर जिला कलेक्टर आवास के पास से पूजा जनागल (25) मंगलवार शाम को स्कूटी पर जा रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार 2 बदमाश उनके बराबर चलने लगे। इन बदमाशों ने स्कूटी को लात मारी, जिससे पूजा गिर गईं। पूजा बीकानेर के बड़ी जसोलाई इलाके की रहने वाली हैं। मुंह के बल गिरने से उनकी ठुड्डी, नाक और मुंह के अंदर तक चोट लगी है। वो संभल पाती, उससे पहले बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन तोड़ कर फरार हो गए।

राहत


## इससे मिडिल ईस्ट के देश में रहने वाले करीब 1.34 करोड़ माइग्रेंट वर्कर्स के अधिकारों और जिंदगी पर असर पड़ेगा

# सऊदी अरब में गुलामी से मिली छुट्टी, कफाला सिस्टम खत्म

**दुबई।** सऊदी अरब ने एक बड़ा रिफॉर्म किया है, जिसकी दुनियाभर में चर्चा हो रही है। उसने अपने 50 साल पुराने वर्कर स्पॉन्सरशिप प्रोग्राम जिसे कफाला सिस्टम कहा जाता था, उसे खत्म कर दिया है। इस फैसले की घोषणा सबसे पहले जून 2025 में की गई थी। इससे मिडिल ईस्ट के देश में रहने वाले करीब 1.34 करोड़ माइग्रेंट वर्कर्स के अधिकारों और जिंदगी पर असर पड़ेगा। इन लोगों में बड़ी संख्या में भारतीय भी शामिल हैं, जो लंबे समय से सऊदी अरब में रह रहे हैं।

### क्या है कफाला सिस्टम

इसे 1950 के दशक में लागू किया गया था, जिसका अरबी में मतलब स्पॉन्सरशिप सिस्टम होता है। यह मालिकों को अपने कर्मचारियों के कानूनी स्टेटस, रहने की जगह, वे देश कब छोड़ सकते हैं, कानूनी मदद ले सकते हैं या नौकरी कब बदल सकते हैं, इसपर पूरा कंट्रोल देता था। यह सिस्टम हर कफील को माइग्रेंट वर्कर से जोड़ता था। हालांकि, इस सिस्टम के जरिए वहां जाने वाले लोग एक तरह से गुलाम बन जाते थे। उन्हें अपने हिसाब से काम करने की सहूलियत नहीं होती थी। उनके मालिक उनका शोषण करते थे, जिससे वे अमानवीय परिस्थितियों में रहने को मजबूर होते थे।



### इससे क्यों आती थी दिक्कत?

दशकों पहले शुरू हुए इस सिस्टम को कम सैलरी वाले माइग्रेंट लेबर के आने-जाने को कंट्रोल करने के लिए बनाया था, लेकिन बाद में इसे गुलामी जैसा माना जाने लगा। इसमें मालिकों द्वारा उनके कर्मचारियों का जमकर शोषण किया जाता।

जब भी उनका मन होता, वे कर्मचारियों के आने-जाने पर रोक लगा देते। यहां तक कि पासपोर्ट जब्त कर लेते या फिर सैलरी देने में भी आनाकानी करते थे। वहीं, जो कर्मचारी वापस अपने मन से घर लौटना चाहता था, उसे भी इस कानून की वजह से कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

### भारतीयों के लिए कैसे फायदेमंद है इसका खत्म होना

सऊदी अरब में अभी लगभग 1.34 करोड़ विदेशी वर्कर काम करते हैं। वे आबादी का लगभग 42 प्रतिशत हैं, सऊदी अरब कंस्ट्रक्शन के काम, खेती, घरेलू काम और दूसरे कामों के लिए माइग्रेंट्स पर निर्भर है।

इसमें से ज्यादातर बांग्लादेश, भारत, नेपाल और फिलीपींस के रहने वाले हैं। इसे खत्म होने से और नया कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम लागू होने से जॉब मोबिलिटी आसान होगी, जिससे वर्कर्स कॉन्ट्रैक्ट पूरा होने पर बिना एम्प्लॉयर की पहले से मंजूरी के नई नौकरी में जा सकेंगे। यह वर्कर्स को एम्प्लॉयर को इलेक्ट्रॉनिकली बताकर नौकरी छोड़ने, वापस आने और परमानेंट ट्रैवल करने का अधिकार भी देगा।

# संपादकीय

## हरित पटाखों से भी बिगड़े हालात : दिल्ली-एनसीआर बना गैस चैंबर

दीपावली का त्योहार रोशनी और खुशियों का प्रतीक है, लेकिन इस बार फिर यह राजधानी को जहरीली हवा के कुहासे में धकेल गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुमति दिए गए हरित पटाखों के बावजूद, दिल्ली की हवा गैस चैंबर में तब्दील हो चुकी है। मंगलवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 351 पर पहुंच गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की दैनिक सीमा (15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से 15 गुना अधिक पीएम2.5 स्तर (228 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) दर्ज किया गया। यह स्थिति न केवल सांस लेने को कठिन बना रही है, बल्कि स्वास्थ्य संकट को जन्म दे रही है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

सुप्रीम कोर्ट ने 15 अक्टूबर को हरित पटाखों पर छूट दी थी। यह फैसला जनभावनाओं और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रयास था। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि केवल 18 से 21 अक्टूबर तक सुबह 6 से 7 बजे और रात 8 से 10 बजे तक ही प्रमाणित हरित पटाखे फोड़े जा सकेंगे। ये पटाखे राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (नीरी) द्वारा अनुमोदित हैं, जो पारंपरिक पटाखों की तुलना में 30-50 प्रतिशत कम प्रदूषण फैलाते हैं। बेरियम नाइट्रेट जैसे हानिकारक रसायनों का उपयोग नहीं होता। दिल्ली सरकार ने भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में इसकी पैरवी की और जनता से जिम्मेदाराना उत्सव की अपील की। लेकिन हकीकत कुछ और निकली।

दिवाली की रात (20 अक्टूबर) पटाखों की गूंज सुबह तक जारी रही। निर्धारित समयसीमा का पालन न होने से धुंध की चादर छा गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 38 निगरानी स्टेशनों में से 36 रेड जोन (301-400 एक्यूआई) में थे। बवाना (427), वजीरपुर (423), आनंद विहार (404) जैसे इलाकों में स्थिति गंभीर (400 से अधिक) हो गई। कुछ जगहों पर एक्यूआई 1000 से पार कर गया। विशेषज्ञों का कहना है कि हरित पटाखे कम प्रदूषण वाले हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर फोड़ने और मौसमी कारकों (कम हवा की गति, ठंडी रातें) से उनका असर नाकाफी साबित हुआ। क्लाइमेट ट्रेंड्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दिवाली के बाद पीएम2.5 स्तर 488 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पहुंच गया, जो पिछले पांच वर्षों का सबसे ऊंचा स्तर है।

इस बार पराली जलाने की घटनाएं 77 प्रतिशत घटीं। पंजाब-हरियाणा में 1 से 12 अक्टूबर के बीच केवल 175 मामले दर्ज हुए, जबकि पिछले साल 779 थे। फिर भी प्रदूषण बढ़ा। इसका मतलब साफ है कि समस्या मुख्य रूप से स्थानीय है। वाहनों के धुएं, निर्माण कार्य, औद्योगिक उत्सर्जन और पटाखों ने मिलकर हवा को जहरीला बनाया। पर्यावरणविद् पलक बल्याण ने कहा, हरित पटाखे पारंपरिक वाले जितने ही हानिकारक साबित हुए। मौसम की विपरीत परिस्थितियों में कोई भी पटाखा सांस लेने लायक हवा नहीं छोड़ता। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एसके ढाका ने भी चेतावनी दी कि प्रदूषण स्थानीय स्रोतों से प्रेरित है, न कि केवल बाहरी।

इस जहरीली हवा का असर स्वास्थ्य पर गहरा पड़ रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, पीएम2.5 कण फेफड़ों और खून में घुसकर हृदय रोग, अस्थमा और कैंसर का खतरा बढ़ाते हैं। बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सोमवार की रात से ही अस्पतालों में सांस की बीमारियों के मरीजों की संख्या में 20-30 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। दृश्यता कम होने से यातायात प्रभावित हुआ। इंडिया गेट और आकाशधाम जैसे स्थानों पर धुंध की वजह से पर्यटक परेशान दिखे। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप-2) 19 अक्टूबर से लागू है, जिसमें निर्माण कार्य सीमित, कोयला-गैस पर पाबंदी और सड़कों पर पानी छिड़काव शामिल हैं। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ये उपाय पर्याप्त नहीं। सोशल मीडिया पर बहस छिड़ी हुई है। एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कई यूजर्स ने हरित पटाखों को मिथक करार दिया। एक पोस्ट में कहा गया, हरित पटाखे ऑक्सीजन छोड़ते हैं, लेकिन भाजपा भक्तों की सांसों को बचाने का दावा झूठा है। वहीं, कुछ ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया, लेकिन प्रदूषण के आंकड़ों से निराशा जताई। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हैं। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया, जबकि दिल्ली सरकार ने नियमों का पालन सुनिश्चित करने का दावा किया।

अब सवाल यह है कि क्या हरित पटाखे वाकई हरित हैं? नीरी के अनुसार, ये कम प्रदूषण वाले हैं, लेकिन कोई भी जलना हवा को दूषित करता है। विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि अगले साल पूर्ण प्रतिबंध लगे और वैकल्पिक उत्सव (दीये, लाइटिंग) को बढ़ावा दिया जाए। दिल्ली सरकार ने ग्रैप-2 के तहत अतिरिक्त उपाय शुरू किए हैं, जैसे मेट्रो में मुफ्त यात्रा और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन। लेकिन सर्दियों की शुरुआत में हवा की गुणवत्ता और गिरने की आशंका है। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंसेज की चेतावनी के मुताबिक, हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा से कम रहेगी, जो प्रदूषण के फैलाव को रोकेगी।

## ट्रंप के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए सड़कों पर क्यों उतरे लाखों अमेरिकी?

अमेरिका में हुए हालिया सर्वे में राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर नागरिकों के बीच एकराय नहीं हैं। महज चालीस फीसद लोगों ने ही उनके कामकाज के प्रति समर्थन जताया है। जबकि अट्ठावन फीसद लोग राष्ट्रपति से असहमत हैं।

सत्ता में दूसरी बार वापसी के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कई फैसलों का जहां पूरी दुनिया में दबी जुबान से विरोध हुआ, वहीं अब वहां के लोग भी मुखर हो रहे हैं। देश के कई राजनीतिक पहले से ही राष्ट्रपति से नाराज दिख रहे थे। पिछले दिनों कई शहरों में ट्रंप के खिलाफ करीब सत्तर लाख अमेरिकी नागरिक सड़कों पर उतर आए। उनका दावा था कि ट्रंप प्रशासन अधिनायकवादी रुख अख्तियार कर रहा है। राष्ट्रपति के कई विवादित फैसलों से न केवल कई देशों के, बल्कि खुद अमेरिका के लाखों नागरिक प्रभावित हुए हैं।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने ये नारे लगाए कि विरोध करने से अधिक देशभक्ति कुछ नहीं। ट्रंप के आलोचकों का तो यहां तक कहना है कि राष्ट्रपति के कुछ कदम अमेरिका के लोकतंत्र के लिए न केवल खतरा हैं, बल्कि पूरी तरह असंवैधानिक भी हैं। ट्रंप का न सिर्फ अमेरिका में विरोध हुआ है, बल्कि यूरोप में भी उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए। अमेरिका के हित में कदम उठाने और नीतियां बनाने के तमाम दावों के बावजूद लोग ट्रंप के फैसलों को सवालों के कठघरे में खड़ा कर रहे हैं।

कायदे से देखा जाए तो अमेरिकी लोगों के बीच फैले इस आक्रोश का संदेश बहुत बड़ा है। अमेरिका में हुए हालिया सर्वे में राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर नागरिकों के बीच एकराय नहीं हैं। महज चालीस फीसद लोगों ने ही उनके कामकाज के प्रति समर्थन जताया है। जबकि अट्ठावन फीसद लोग राष्ट्रपति से असहमत हैं।

दरअसल, स्वास्थ्य सेवाओं में कटौती, कई अमेरिकी शहरों में राष्ट्रीय गार्ड की तैनाती, सख्त आप्रवासन नीति, कई देशों पर भारी-भरकम शुल्क थोपने और अरबपतियों की मदद करने से भी वहां के लोग खासे नाराज हैं। उनको लगने लगा है कि ट्रंप के कार्यकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला हो रहा है। अब राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ अभियान का नाम ही 'नो किंग्स' रखा गया है। ऐसा लगता है कि लोकतंत्र के पक्ष में आवाज उठाने वाले अमेरिकी लोग 'राजा' जैसा बर्ताव कर रहे राष्ट्रपति को स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं।

भाई दूज- 23 अक्टूबर, 2025

## भाई-बहन को समर्पित अनूठा, ऐतिहासिक एवं संवेदनात्मक त्यौहार

-ललित गर्ग-

भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। आज जबकि समाज रिश्तों की गर्माहट से दूर होता जा रहा है, जब व्यक्तिगत स्वार्थों और भौतिक लिप्साओं ने मानवीय संबंधों को हाशिये पर पहुँचा दिया है, तब भाई दूज का पर्व हमें रिश्तों की आत्मीयता, समर्पण और सुरक्षा के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है।

यह पर्व केवल एक पारंपरिक रिवाज नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस भावना का प्रतीक है, जहाँ भाई और बहन का संबंध केवल रक्त का रिश्ता नहीं, बल्कि आत्मीयता, श्रद्धा और अटूट विश्वास का जीवंत स्वरूप है।



इसदिन भाई का बहन के घर भोजन करने का विशेष महत्व एवं लाभ है, उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है। क्योंकि इसी तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो।

हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है।

पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी।

यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया।

यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं।

यह पर्व केवल यम और यमुनाजी की कथा तक सीमित नहीं है। भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं।

भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है।

महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चौकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है।

आज जब रिश्ते औपचारिकता बनते जा रहे हैं, भाई दूज हमें यह स्मरण कराता है कि सगे संबंधों को जीवित और प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए केवल व्हाट्सएप संदेश या उपहार काफी नहीं होते, बल्कि आत्मीय मिलन, संवाद और सम्मान जरूरी है।

इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'।

एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं।

इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है।

स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

भाई दूज रक्षाबंधन से इस मायने में भिन्न है कि जहाँ राखी में बहन रक्षा की कामना करती है, वहीं भाई दूज में वह अपने घर बुलाकर भाई की सेवा करती है और उसे भोजन कराती है। यह सेवा-संस्कृति भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा रही है।

यह उस अहं को तोड़ता है जो अक्सर पुरुष प्रधान मानसिकता से जन्म लेता है। यह उस संबंध को पुन: प्रतिष्ठित करता है जो केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि संवेदनात्मक और परस्पर समर्पित है।

भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती।

अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की।

भाईदूज की परम्परा बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती।

आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा।

भाईदूज की परंपरा उन परिवारों में भी संबंधों को फिर से जोड़ने का अवसर देती है जहाँ समय, दूरी या विचारों के मतभेद से भाई-बहन के रिश्ते कमजोर पड़ गए हैं। भोजन केवल स्वाद या अनुष्ठान नहीं है, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो भाई-बहन के बीच संवाद को फिर से शुरू करता है, पुराने किस्सों की स्मृति को ताजा करता है, और दिलों को जोड़ता है।


आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि पर्व केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं हैं, बल्कि वे भारतीय समाज की आत्मा हैं, जो रिश्तों को अर्थ देती हैं, संबंधों में संवाद पैदा करती हैं और संस्कृति को पीढ़ियों तक जीवित रखती हैं।

भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है।

भाई दूज केवल रस्म नहीं, रिश्तों का पुनर्जन्म है। आज जब समाज टूटन, तनाव और अलगाव से गुजर रहा है, भाई दूज जैसे पर्व रिश्तों के लिए एक सेतु बन सकते हैं- जो न केवल एक दिन का उत्सव हों, बल्कि जीवनभर के लिए संबंधों में स्थायित्व, मिठास और सुरक्षा भर दें।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3688




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो -3687 का हल



## हंसी के फूव्वारें

भिखारी: बाबूजी, एक पैसा दे दो.

बाबूजी: पैसे में क्या मिलेगा तुम ज्यादा क्यों नहीं मांगते ?

भिखारी: बाबूजी, मैं आदमी की हैसियत देखकर मांगता हूँ.

□ □ □

डॉक्टर साहब, मेरे पति के आगे के दो दांत बहुत निकले हैं. वह ठीक हो सकते हैं ?

'क्या आपके पति बचपन में हाथियों के साथ खेलते थे ?'

□ □ □

प्रेमी-'प्रिय,मेरा साक्षात्कार का बुलावा आया है. जाऊं या नहीं, तुम्हारी क्या राय है ?'

प्रेमिका-'मेरी तो यह राय है कि जाना है तो जाओ, नहीं जाना हो तो मत जाओ.'

□ □ □

पहला दोस्त-'मेरी प्रेमिका की मांग इतनी ज्यादा थी कि मैंने उससे संबंध तोड़ लिया.'

दूसरा दोस्त-'क्या मांग थी उसकी ?'

पहला दोस्त-'शादी की.'

□ □ □

औरत-(दूधवाले से)भइया कल तुम्हारा दूध बहुत खट्टा था.

दूधवाला-क्या करूं बहनजी कल मेरी भैंस ने चार-पांच नींबू खा लिये थे.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3688



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था ?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी ?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका ?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है ?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी ?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-3687



## सूडोकु -3688


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3687 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 3688



**बाएँ से दाएँ**

1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

### शब्द पहेली -3687 का हल



# दिन भर छाया रहा स्मॉग, रेड जोन में पहुंचा ग्रेटर नोएडा

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा के बाद अब ग्रेटर नोएडा की हवा खराब होती जा रही है। बुधवार को ग्रेटर नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 308 दर्ज हुआ। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 292 दिन पहले रेड जोन में रहा था। वहीं बुधवार को नोएडा का एक्यूआई भी 24 घंटे में 10 अंक बढ़कर 330 पहुंच गया है। दोनों शहरों में पूरे दिन स्मॉग छाया रहा। जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई और आंखों में जलन की शिकायत बनी रही। निवासियों का आरोप है कि शहर में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कार्रवाई नहीं की जा रही है।

दिवाली और उसके एक दिन बाद हुई आतिशबाजी का असर बुधवार को देखने को मिला। आसमान में दिन भर स्मॉग की चादर छाई रही। वहीं गोवर्धन पूजा के दौरान भी लोगों ने आतिशबाजी की। जिससे वायु प्रदूषण बढ़ गया। अहम है कि इससे पहले 3 जनवरी को ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई रेड जोन में रहा था। तब एक्यूआई 334 दर्ज किया गया था।



वहीं नोएडा के लोगों को भी अभी राहत मिलने के आसार नहीं है। बुधवार को वहां का एक्यूआई 330 पहुंच गया। दोनों शहरों में ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़कों से धूल नहीं हटाई जा रही है। जगह-जगह कूड़ा जलाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि प्राधिकरण और प्रशासन के अफसर छुट्टी मनाने में व्यस्त है।

### बुधवार को दिल्ली एनसीआर के शहरों का वायु प्रदूषण

दिल्ली 353, नोएडा 330, गाजियाबाद 321, ग्रेटर नोएडा 308, गुरुग्राम 281, फरीदाबाद 201।

दीपावाली पर कई दिन की छुट्टी के कारण सड़कों पर वाहनों की संख्या कम है।

पिछले तीन दिन से जाम की समस्या नहीं है। यातायात कम होने का असर वायु प्रदूषण पर नहीं दिखा।

## दनकौर में गोवर्धन पूजा पर अन्नकूट भंडारा

**जेवर।** गोवर्धन पर्व बुधवार को ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में मनाया गया। इस अवसर पर दनकौर कोतवाली परिसर स्थित मंदिर में अन्नकूट प्रसाद का भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कोतवाली में तैनात पुलिसकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर भगवान गोवर्धन की प्रतिमा पर अन्नकूट का भोग अर्पित किया। इसके बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी घनश्याम कौशिक ने श्रद्धालुओं को गोवर्धन पूजा की महत्ता और उसकी धार्मिक परंपरा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा आत्मिक शुद्धि और प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक है। इस धार्मिक आयोजन में तरुण, अमित, शिवम, हिमांशु और कृष्ण सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कोतवाली परिसर में हुए इस कार्यक्रम से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया।

# भाई दूज पर बहनों के लिए रोडवेज ने उतारीं 305 बसें

**नोएडा।** भाईदूज पर गुरुवार को बहनों के लिए रोडवेज ने 305 बसें सड़कों पर उतार दी हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए बसें 600 से ज्यादा अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। इसमें लखनऊ और बरेली के अलावा सभी रूट पर बसों के अतिरिक्त फेरे लगेंगे। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 305 बसें हैं। इसमें नोएडा डिपो की 188 बसें शामिल हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के अनुसार 18, 19 और 20 अक्तूबर को सभी बसें रूट पर थी और भीड़ के कारण अतिरिक्त फेरे लगा रही थी। 21 और 22 अक्तूबर को यात्रियों की संख्या कम होने के कारण बसों के फेरों में 40 फीसदी तक की कमी आई थी लेकिन भैय्या दूज पर एक बार फिर से सभी बसें सड़कों पर होंगी और अतिरिक्त फेरे लगाएंगी।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि लखनऊ और बरेली के लिए बसें अतिरिक्त फेरे नहीं लगाएंगी। इन रूट पर जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। वहीं, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, बुलंदशहर, चंदौसी, हाथरस, मथुरा, फिरोजाबाद, एटा समेत अन्य रूटों पर बसें अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। उन्होंने कहा कि डिपो से पहली बस की सेवा सुबह पांच बजे हैं लेकिन यात्री यदि इससे पहले पहुंचे तो बसें रूट पर उतार दी जाएंगी। हर साल बड़ी संख्या में यात्री बसों में करते हैं सफर भैय्या दूज पर बसों में हर साल बड़ी संख्या में यात्री बसों में सफर करते हैं। बीते साल करीब 40 हजार यात्रियों ने बसों में सफर किया था। यह स्थिति तब थी जब नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो में बसों की संख्या 268 थी। डिपो में बसों की संख्या अब ज्यादा है। ऐसे में यात्रियों की संख्या में और इजाफे की संभावना है। डिपो की सभी बसें साधारण हैं नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो की सभी बसें साधारण व सीएनजी से चलने वाली हैं। डिपो से कई शहरों के लिए बसें चलती हैं लेकिन इनमें लंबी दूरी पर स्थित शहरों के लिए बस सेवा शामिल नहीं है।

## बिजली के करंट से भतीजे की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे में बुधवार को एक हादसा हुआ। गुल्ली-डंडा खेलते समय 11 हजार वोल्ट के बिजली के करंट की चपेट में आने से एक भतीजे की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से झुलस गया। दोनों को ग्रेटर नोएडा के निम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बिलासपुर कस्बे के फतेहखानी मोहल्ला निवासी तौहीद (35) और उनके भतीजे वसीम (25) बुधवार शाम अपने घर के पास गुल्ली-डंडा खेल रहे थे। खेलते समय उनकी गुल्ली एक मकान की छत पर चली गई। गुल्ली लेने के लिए भतीजा वसीम छत पर पहुंचा, जहां वह 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आ गया। वसीम को करंट लगते देख चाचा तौहीद उसे बचाने पहुंचे, लेकिन वह भी बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। आसपास के लोगों और परिजनों ने तुरंत दोनों को निम्स अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने वसीम को मृत घोषित कर दिया, जबकि तौहीद का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बिजली के करंट की वजह से हुआ है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह के अनुसार, मृतक के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

# नोएडा में होटल के बाहर महिला को अश्लील इशारा किया

### 12 से ज्यादा युवक लाठी-डंडे लेकर पहुंचे, वीडियो वायरल होने पर मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में एक होटल के बाहर लाठी-डंडों से हंगामा और एक महिला को अश्लील इशारा किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है और मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

यह घटना थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर-51 स्थित एक होटल के बाहर की है। जानकारी के अनुसार, विवाद में शामिल दोनों पक्ष पहले से परिचित थे और कुछ दिन पहले भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। दिवाली की रात करीब 2 बजे पीड़ित पक्ष का एक युवक अपनी महिला मित्र और दोस्त के साथ होटल में खाना खाने पहुंचा था।

इसी दौरान दूसरा पक्ष भी वहां आ गया। शुरुआत में दोनों ने एक-दूसरे को दिवाली की बधाई दी, लेकिन कुछ ही देर में बात विवाद में बदल गई। इसके बाद पीड़ित युवक अपनी महिला मित्र और दोस्तों के साथ होटल के कमरे में चला गया।

तभी दूसरे पक्ष के दर्जनों युवक लाठी-डंडे लेकर होटल के बाहर पहुंच गए। उन्होंने होटल के बाहर गाली-गलौज की और बालकनी में खड़ी महिला को अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। वीडियो में युवक अपने चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए नजर आ रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और अन्य युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रील्स के जरिये साइबर जागरुकता परखेगी पुलिस

### बुधवार से साइबर चैलेंज अभियान की हुई शुरूआत

**नोएडा।** साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं में कमी लाने के लिए कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने बुधवार को एक अनोखी पहल शुरू की है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी चिट्ठी, पोस्टर और इंस्टाग्राम रील्स के जरिये लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए पुलिस की ओर से साइबर जागरुकता माह में साइबर चैलेंज जीबीएन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित ज्ञान प्रदान करना और उनकी सतर्कता को प्रोत्साहित करना है। एडिशनल डीसीपी साइबर शैव्या गोयल बताया कि प्रतियोगिता की कुल तीन श्रेणी रखी गई है। पहली पोस्टर, दूसरी रील्स और लघु फिल्में और तीसरी दादा-दादी / नाना-नानी को पत्र (केवल छात्रों के लिए) हैं प्रतिभागी साइबर जागरूकता से संबंधित किसी भी विषय पर अपना आवेदन भेज सकते हैं। जैसे डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस कॉल, निवेश व ट्रेडिंग घोटाले, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग आदि। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बारे में उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागी अपने चुने हुए विषय पर पोस्टर, रील्स या पत्र तैयार करें। अपनी प्रविष्टि को अपने इंस्टाग्राम या एक्स अकाउंट पर पोस्ट करें। @gbnpolice_cyber को टैग करें और #CyberChallengeGBN हैशटैग का उपयोग करें। प्रतियोगिता के जो सामान्य नियम हैं उनके तहत आवेदन का मूल्यांकन रचनात्मकता, प्रासंगिकता, प्रभाव और मौलिकता के आधार पर किया जाएगा। आकर्षक पुरस्कारों के लिए आवेदकों का चयन लोकप्रियता (लाइक्स, व्यूज, शेयर) और गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे प्रतियोगी का आवेदन मौलिक होना चाहिए और किसी स्रोत से कॉपी नहीं की गई हो। आवेदनों में आपत्तिजनक, भ्रामक या राजनीतिक सामग्री नहीं होनी चाहिए। आयोजकों को प्रविष्टियों का उपयोग साइबर जागरूकता अभियानों में करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा। सभी श्रेणी के विजेता सम्मानित किए जाएंगे प्रतियोगिता के सभी श्रेणी के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। पहले तीन स्थानों के साथ-साथ सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा। बुधवार से प्रतियोगिता शुरू हो गई है। लोगों ने आवेदन भेजने भी शुरू कर दिए हैं। बीते सप्ताह भी छात्रों के लिए साइबर जागरुकता का एक सेशन यूट्यूबर पर आयोजित किया गया था। इसमें पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने छात्रों को साइबर ठगी के प्रकार, इससे बचने के उपायों समेत अन्य जानकारी दी थी। अन्य लोग भी अभियान में होंगे शामिल एडिशनल डीसीपी ने बताया कि आगामी दिनों में विभिन्न फैक्टरियों और कंपनियों में काम करने वाले लोगों को भी ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जाएगा। विभिन्न आरडब्ल्यूए और एओए के पदाधिकारी समेत अन्य लोग भी अभियान से जुड़ेगें।

यूट्यूब पर एक घंटे के सेशन का लिंक उसी दिन साझा किया जाएगा। पुलिस अधिकारी लोगों को सेशन में जागरूक करेंगे। लोग साइबर ठगी से संबंधित अपने अनुभव और विचार भी साझा कर सकते हैं।

# अपर मुख्य सचिव ने जिम्स आर चाइल्ड पीजीआई की सुविधाओं को परखा

**नोएडा।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित कुमार घोष ने बुधवार को सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई और ग्रेटर नोएडा के जिम्स में सुविधाओं को परखा। दोनों चिकित्सकीय संस्थानों में समीक्षा बैठक कर कार्यों की जानकारी ली। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान चाइल्ड (पीजीआई) में अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने आपातकालीन विभाग में जाकर भर्ती मरीजों से अस्पताल की सुविधाओं के बारे में बातचीत की। इसके अलावा ब्लड बैंक, एनआईसीयू, बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग का निरीक्षण किया। इन स्थानों पर मरीजों से बातचीत की। साथ ही इन विभागों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।इसके बाद समीक्षा बैठक की। उनके साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग की सचिव अपर्णा यू भी मौजूद रहीं। बैठक में चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह, सीएमएस डॉ. मुकुल कुमार जैन, डॉ. आकाश राज, डीसीएमओ डॉ. चन्दन सोनी आदि मौजूद रहे। वहीं अपर मुख्य सचिव ने जिम्स में मरीजों को मिल रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके गुप्ता ने उन्हें संस्थान की उपलब्धियों के बारे में बताया। अपर मुख्य सचिव ने संस्थान में कैथ लैब और ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के निर्देश दिए। नर्सिंग कॉलेज की सीट क्षमता बढ़ाने और सरकारी अस्पतालों में डीएनबी कार्यक्रम शुरू करने पर जोर दिया, ताकि विशेष चिकित्सा शिक्षा को प्रोत्साहन मिल सके। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निकट स्थित होने के कारण, जिम्स को मेडिकल टूरिज्म और हेल्थकेयर इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनने पर जोर दिया।

# गाजियाबाद में पटाखे की चिंगारी से 5 फ्लैट जले

### सोसाइटी में मची भदगड़, लोग अपना घर छोड़कर भागे; 25 लोगों को बचाया गया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में इंदिरापुरम के फ्रेंड्स एवेन्यू अपार्टमेंट की पांच मंजिला इमारत में आग लग गई। पटाखा जलाने से आग दूसरी मंजिल पर लगी। कुछ ही देर में पूरा फ्लैट जलने लगा। देखते ही देखते पहली, तीसरी मंजिल का एक अन्य फ्लैट, चौथी मंजिल और पांचवी मंजिल के फ्लैट भी आग की चपेट में आ गए। पांचों फ्लैट एक साथ जलने लगे।

घटना के बाद पूरी सोसाइटी में भगदड़ मच गई। आस-पास के फ्लैट वाले अपना घर छोड़कर भागने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां पहुंचीं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग में फंसे 25 लोगों को बचाया। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की शक्ति खंड-2 के फ्रेंड्स एवेन्यू अपार्टमेंट की है।

#### अब पढ़िए पूरा मामला...

इंदिरापुरम के शक्ति खंड-2 के फ्रेंड्स एवेन्यू अपार्टमेंट में 22 फ्लैट हैं। बुधवार रात करीब 8 बजे जलता हुआ



रॉकेट दूसरी मंजिल के फ्लैट के बालकनी में गिरा। कुछ ही देर में आग बालकनी से पूरे फ्लैट में फैल गई। धीरे-धीरे दूसरी मंजिल का एक और फ्लैट आग की चपेट में आ गया।

अपार्टमेंट में रहने वाले लोग जब तक कुछ समझ पाते आग पहली से लेकर पांचवी मंजिल तक पहुंच गई। 5 फ्लैट भीषण तरीके से जलने लगे। आग लगने की सूचना मिलते ही अपार्टमेंट में भगदड़ मच गई। करीब 25 लोग आग में फंस गए।

आग लगने की सूचना पर मौके पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और 2 थानों की पुलिस और दमकल के कर्मचारी पहुंच गए। आरडब्लूए के डिप्टी सेक्रेटरी प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि इस बिल्डिंग में करीब 20 परिवार के लोग रहते हैं। कई फ्लैटों में रहने वाले लोग दीपावली पर अपने घर गए थे। कुछ लोग बिल्डिंग में थे। फ्लैट में जितने लोग थे, उन सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। आग किन कारणों से लगी, इसकी अभी जानकारी नहीं हो पाई है।

# पूजा-परिक्रमा कर गोवर्धन महाराज के जयकारे गूंजे

**नोएडा।** शहर में बुधवार को विधि-विधान से गोवर्धन पूजा का उत्सव मनाया गया। इसको लेकर मंदिरों में लेकर संस्थानों, आरडब्ल्यूए और देहात क्षेत्रों में बड़े स्तर पर विधि-विधान से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की गई।

शहर में सबसे बड़ा अरावली अपार्टमेंट बी-3 सेक्टर-34 में 31 फीट लंबी गोवर्धन की आकृति बनाई गई। वहीं सेक्टर-33 इस्कॉन मंदिर में पके हुए चावल और हलवे से 20 फीट लंबी गोवर्धन की आकृति बनाई गई।

कुछ इसी तरह सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन में भी 15 फीट लंबी गोवर्धन की आकृति बनाई गई। शहर में सुबह से ही गोवर्धन पूजा की गई। शहर में हर वर्ष कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को गोवर्धन उत्सव मनाया जाता है।इस मौके पर अलग-अलग समुदायों में बलि पूजा, अन्नकूट, मार्गपाली आदि उत्सव मनाए गए। अरावली अपार्टमेंट सेक्टर-34 के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि जेएसएस कॉलेज की आर्ट प्रोफेसर और सोसाइटी की महिलाओं द्वारा गोवर्धन की आकृति गई।

उन्होंने बताया कि 31 फीट लंबा और 15 फीट चौड़ा गोवर्धन की आकृति बनाई गई। उन्होंने बताया कि बुधवार शाम साढ़े पांच बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चाजा की गई। इसके बाद परिक्रमा करके लोग प्रसाद प्राप्त किया। वहीं सेक्टर-94 स्थित श्रीजी गौसदन में बुधवार सुबह 11 बजे गोवर्धन पूजा हुई। श्रीजी गौसदन के अध्यक्ष सीए विकास अग्रवाल ने बताया कि गौसदन में 15 फीट लंबा और 10 फीट चौड़ा गोवर्धन बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान अक्षय कुमार गर्ग रहे। उन्होंने बताया कि 25 अक्तूबर से 27 अक्तूबर तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जिसमें लोग गौमाता की पूजा कर सकेंगे।

शहर में तमाम स्थानों पर गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजा-अर्चाना की गई। इस्कॉन मंदिर मं पके हुए चावल और हलवे से आकृति बनाई सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में बुधवार को गिरिराज गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर इस्कॉन नोएडा मन्दिर से जुड़े भक्तों ने पके हुए चावल और हलवे से करीब 20 फुट लम्बी गोवर्धन पर्वत की आकृति का निर्माण किया। भक्तों के साथ मधुर कीर्तन और गिरिराज गोवर्धन के जयकारों लगते रहे। मंदिर में सुबह आठ बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। मंदिर में मुख्य उत्सव सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चला। मंदिर समिति के अनुसार भक्तों ने गिरिराज गोवर्धन की आकृति की पूजा और परिक्रमा की।

फिर विभिन्न प्रकार की मिठाईयों, फलों, सूखे मेवे और पकवानों का भोग लगाया गया। वृन्दावन से पधारे परम पूज्य राधे श्यामानन्द स्वामी महाराज ने गिरिराज गोवर्धन के प्रकट होने और उनकी पूजा के महत्त्व पर विशेष प्रवचन दिया। फिर महा आरती की गई।

## साहिबाबाद के प्रयास पार्क में छठ पूजा घाट तोड़ा

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में स्थित प्रयास पार्क का छठ घाट असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया। इस घटना से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया। लोग पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। वार्ड 37 के भाजपा पार्षद ने बताया कि प्रयास पार्क के कोने में पुलिस चौकी है। इसके बावजूद असामाजिक तत्वों ने दो बार इस छठ घाट को तोड़ा है। मंगलवार रात लगभग 8 बजे तक लोगों ने छठ घाट का निर्माण कराया था। लेकिन बुधवार सुबह जब लोग आए तो देखा कि घाट पूरी तरह से टूट चुका था। इससे लोगों का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में कई स्थानीय समाजसेवी और समिति सदस्य शामिल थे। इनमें उदयभान सिंह पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष, बबली चौहान महासचिव, पूर्वांचल,कांति देवी, डालचंद्र, शिव गुप्ता, आरडी शर्मा, धर्मपाल चौधरी, राजेन्दर सोलंकी, संतोष, मनोज, सीमा देवी, सुधा देवी, बाला देवी और बिना देवी प्रमुख रूप से मौजूद थे। पार्षद रवि भाटी ने कहा कि छठ घाट का निर्माण पिछले एक सप्ताह से चल रहा था।

## गाजियाबाद की फैक्ट्री में 4 करोड़ का नुकसान

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया में दीपावली की रात एक बड़ा हादसा हो गया। हर्षा कंपाउंड के प्लॉट नंबर 4/39-40 में स्थित SRCHIP Electronics Private Limited नाम की म्यूजिक सिस्टम बनाने वाली फैक्ट्री में देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया और करोड़ों रुपए का माल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री के मालिक राकेश चौहान ने बताया कि वह रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच अपने घर के लिए निकले थे। उसी दौरान आसपास के लोगों ने बताया कि फैक्ट्री के पास पटाखे जलाए जा रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ पटाखे उड़कर फैक्ट्री परिसर में गिरे, जहां गत्ते और अन्य ज्वलनशील सामग्री रखी हुई थी। इससे गत्ते ने तुरंत आग पकड़ ली और कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे प्लांट को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी तुरंत फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर विभाग की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि दूर-दूर तक धुआँ फैल गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

# शार्ट न्यूज

## ऑटो-टाटा मैक्स की टक्कर, दो गंभीर घायल

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के कासना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार शाम गिरधरपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार ऑटो और टाटा मैक्स की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों वाहन तेज गति में थे और ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा से दनकौर की ओर जाने वाली इस सड़क पर अक्सर वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं। उन्होंने पहले भी कई बार पुलिस से इस संबंध में शिकायत की है, लेकिन गति नियंत्रण के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पर वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है, और घायल चालकों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## जेठ ने महिला पर कैंची से हमला किया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक महिला पर उसके जेठ ने कैंची से हमला कर दिया। घरेलू विवाद के चलते हुई इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका बिलासपुर कस्बे के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित महिला ने मंगलवार को अपने जेठ और जेठानी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता अंजली ने बताया कि मंगलवार को जब वह अपना घरेलू काम कर रही थी, तभी उसके जेठ और जेठानी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई की और जेठ ने उस पर कैंची से हमला कर दिया। कैंची के हमले से अंजली लहूलुहान हो गईं और उनके हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। जब पीड़िता के पति ने हस्तक्षेप करने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला करने की कोशिश की। पीड़िता का आरोप है कि उनके साथ आए दिन मारपीट की जाती है।

## 12 घंटे तक बत्ती गुल होने से निवासी परेशान रहे

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-22डी में त्योहार के दिन बुधवार को करीब 12 घंटे तक बिजली गुल रही। इससे निवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा, निवासियों ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर भी दुख जाहिर किया। सेक्टर-22डी रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके त्रिपाठी ने बताया कि सेक्टर में फ्लैटों तक पहुंचने के लिए आजतक रास्ता नहीं बना है। आसपास कूड़े के ढेर हैं। त्योहार के दिन फ्लैटों में करीब 12 घंटे तक बिजली गुल रही, इससे निवासियों को दैनिक कार्यों समेत अन्य प्रकार की समस्या से जूझना पड़ा। निवासियों का कहना है कि सेक्टर में बिजली की आपूर्ति बेहद कम होती है, किसी भी समय बिजली जाने से आसपास अंधेरा छा जाता है।शहर अभी पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है, यहां तक कि फ्लैटों तक पहुंचने के लिए भी रास्ता नहीं हैं। गांव से निकलकर सोसाइटी तक आया जाता है। आसपास अभी जंगल है, ऐसे में 12 घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप होने से अप्रिय घटना का डर लग रहता है।

## इस्कॉन में 10 फुट ऊँचा गोवर्धन महाराज

**गाजियाबाद।** गोवर्धन पूजा का त्योहार पूरे देश में खुशी और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग भगवान श्रीकृष्ण को याद करते हैं, जिन्होंने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गाँव के लोगों और गायों को तेज़ बारिश से बचाया था। यह दिन प्रकृति, अन्न और गोवंश के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का पर्व माना जाता है। गाजियाबाद के राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में इस साल गोवर्धन पूजा बहुत ही शानदार तरीके से मनाई जा रही है। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और तोरणों से सजाया गया है। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत के दर्शन करने के लिए उत्साहित दिखा। भजन, कीर्तन और नृत्य से मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति का माहौल बना रहा। मंदिर के उपाध्यक्ष धनंजय दास ने बताया कि इस बार गोवर्धन महाराज का 10 फुट ऊँचा रूप तैयार किया गया है। इसे अन्नकूट से सजाया गया है जिसमें ढाई कुंटल चावल, एक कुंटल हलवा, तरह-तरह की सब्ज़ियाँ, फल और मिठाइयाँ शामिल हैं। भक्तों ने मिलकर भगवान को यह भोग अर्पित किया। यह अन्नकूट गोवर्धन पूजा का मुख्य आकर्षण बना हुआ है।

## प्रॉपर्टी डीलर पर दबंगों ने की फायरिंग

**लोनी।** गाज़ियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र के हर्ष विहार-2 में दिवाली की रात उस समय दहशत फैल गई जब कुछ दबंगों ने प्रॉपर्टी डीलर मनीष और उनकी पत्नी दर्शना पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना रात करीब 8 बजे की है। गोली चलाने की पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित मनीष का आरोप है कि पहले भी इसी तरह अमन और उसके साथियों ने उन पर गोली चलाई थी। उस समय पुलिस ने आरोपियों पर हल्की धाराओं में कार्रवाई कर चालान कर दिया था। इसी वजह से आरोपी फिर से बेखौफ होकर दिवाली की रात फायरिंग करने पहुंच गए। पीड़ित का आरोप है कि यह घटना 41 दिनों के अंदर दूसरी बार हुई है। इससे पहले 9 सितंबर को भी अमन सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी अमन आर्म्स एक्ट के तहत जेल भी गया था, लेकिन जमानत पर बाहर आने के बाद उसने दोबारा हमला कर दिया। परिवार ने थाना टीला मोड़ में तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की ढिलाई के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

## 25 तोले सोना, 75 हजार नकदी चोरी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के रफीकाबाद डासना क्षेत्र में दीपावली की छुट्टियों के दौरान एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित परिवार छुट्टी मनाने अपने रिश्तेदारों के घर गया हुआ था। इसके कारण उनका घर लगभग दो दिनों से बंद था। चोरों ने इसी का फायदा उठाकर घर में सेंध लगाई। चोर घर की छत पर बनी लोहे की जाली काटकर अंदर घुसे। उन्होंने घर में रखे सोने और चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किया। कुल 25 तोले सोना चोरी हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है। जेवरात के अलावा, घर में रखी नकदी भी चोरी हुई है। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर गुल्लक से लगभग 45 हजार रुपये ले गए। इसके अलावा अलमारी में रखे 30 हजार रुपये और कुछ चांदी के आभूषण भी गायब हैं। घर लौटने पर जब परिवार ने घर का ताला टूटा हुआ और कीमती सामान गायब देखा, तो उन्होंने तुरंत मसूरी थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। मसूरी थाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रकम दोगुनी करने का झांसा, ठगे छह लाख

**गाजियाबाद।** निवेश करके मोटी कमाई के लालच में राजनगर एक्सटेंशन के हर्षवर्धन को शातिरों ने पौने छह लाख रुपये की चपत लगा दी। आरोपियों ने उनको व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर ठगी की। मामले में उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दी है। उन्होंने ऑनलाइन भी शिकायत दर्ज कराई है। हर्षवर्धन ने बताया कि 13 अक्तूबर को उनके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से एक लिंक आया था। उसे खोलने पर उसमें टास्क पूरा कर कमाई करने की बात लिखी थी। वह आगे बढ़े तो एप डाउनलोड हो गया। इसमें एक टास्क पूरा करने पर उनको 75 रुपये मिले। इसके बाद ठगों ने उनसे संपर्क किया। ठगों ने उन्हें इसमें निवेश कर छह माह में रकम दोगुनी करने का झांसा दिया। उनकी बातों में आकर उन्होंने दिए गए खाते में कुल पौने छह लाख रुपये सात बार में ट्रांसफर कर दिए। उन्हें एप में रकम बढ़ी हुई भी दिख रही थी लेकिन वह उसको निकाल नहीं पा रहे थे। जब उन्होंने पैसा न निकलने की बात कही तो आरोपियों ने कहा कि उनको और पैसा भेजना होगा। जब उन्होंने पैसा भेजने से मना किया तो आरोपियों ने उनसे संपर्क तोड़ दिया। इसके बाद उनको अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

# मायावती ने की दलित हत्या और पेशाब कांड की निंदा

## बसपा सुप्रीमो का सवाल, यूपी में कब रुकेगा दलितों पर अत्याचार?

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ हुई दो बर्बर घटनाओं पर प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

प्रयागराज में एक दलित की हत्या और लखनऊ में एक दलित के साथ हुए पेशाब कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी अमानवीय वारदातें पूरे देश में फैल रही हैं।

उन्होंने मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी दलितों पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जताते हुए इन राज्य सरकारों से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मायावती का इशारा मध्यप्रदेश के सीधी पेशाब कांड की ओर था। तब



वहां एक दबंग ने एक आदिवासी पर पेशाब कर दिया था। इस मामले ने भी काफी तूल पकड़ा था।

### आपराधिक और सामंती तत्व हुए बेलगाम

बसपा प्रमुख ने आपराधिक और सामंती तत्वों को बेलगाम बताते हुए चेतावनी दी कि अगर सरकारें फौरन सख्ती नहीं करेंगी, तो हिंसा की यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी।

उन्होंने कहा, ऐसे बेलगाम हो रहे आपराधिक, अराजक व सामंती तत्वों के खिलाफ उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों की सरकारें सख़्त कार्रवाई करके अपने-अपने राज्यों में क़ानून के राज को ज़रूर स्थापित करें। जिससे भविष्य में इस प्रकार की शर्मनाक व हिंसक घटनाओं की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लग सके।

मतलब सरकारों को जनहित में क़ानून का सख़्ती से पालन कराना जरूरी है।

## गोरखपुर में पुलिसकर्मियों पर पथराव, सिर फूटा


**गोरखपुर।** गोरखपुर गीडा क्षेत्र के नौसड़ इलाके में स्थित जवाहर चक निवासी हनुमान चौहान (40) की मारपीट में मौत के बाद मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। पहले सुबह परिजन सैकड़ों ग्रामीणों संग नौसड़ तिराहे के पास खाट पर लाश रखकर 4 घंटे हाइवे जाम किए। शाम करीब 5 बजे जब पोस्टमार्टम के बाद लाश आई। तब नौसड़ तिराहे पर सांसद को बुलाने की मांग पर अड़े परिजनों ने भीड़ के साथ फिर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान नाराज ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव शुरू होते ही पुलिस भागने लगी। सड़क पर खड़ी मिनी पुलिस ट्रक में सभी पुलिसकर्मी दरवाजा बंद कर छिप गए। इस दौरान पुलिस ट्रक चालक काफी देर तक गाड़ी स्टार्ट करता रहा। लेकिन गाड़ी खराब हो गई, स्टार्ट नहीं हुई। वहीं ट्रक और चालक पर भीड़ पथराव करने लगी।

# बेटे ने सिलबट्टे से मां का सिर कूचा, मौत

### बचाने आए मामा का भी सिर फोड़ा; गोंडा में छोटे भाई को नौकरी दिलाने से नाराज था

गोंडा। गोंडा में बेटे ने अपनी मां की सिलबट्टे से सिर कूचकर हत्या कर दी। हत्याकांड की वजह नौकरी को लेकर चल रहा विवाद बताया जा रहा है। दरअसल, मां ने छोटे बेटे को पिता की जगह पर सरकारी नौकरी दिलवा दी थी। वह खुद संविदा पर सफाईकर्मी थी और अपनी जगह पर बड़े बेटे को नौकरी पर भेज रही थी।

इसके अलावा वो पिछले कई महीनों से बड़े बेटे को सैलरी का हिस्सा भी नहीं दे रही थी। जबकि, अपने भाई यानी बच्चों के मामा को लगातार पैसे दे रही थी। इसी बात से बड़ा बेटा नाराज था। मंगलवार रात उसने मां से नौकरी को




लेकर खूब झगड़ा किया। गुस्से में आकर उसने आंगन में रखे सिलबट्टे से मां पर ताबड़तोड़ वार किए। वह तब तक नहीं रुका, जब तक मां ने दम नहीं तोड़ दिया। इस दौरान बीच बचाव में आए मामा का भी सिर फोड़ दिया। शोर सुनकर पड़ोसियों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायल मामा का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वारदात नगर कोतवाली क्षेत्र के बभनी कानूनगो गांव की है।

# तालाब में मिली 2 दोस्तों की लाश

### 30 घंटे से लापता थे, पानी में चप्पल उतराने पर शक हुआ

झांसी। झांसी में दीपावली के दिन लापता हुए दो दोस्तों की लाश तालाब में मिली है। वे नहाने की बात कहकर घर से निकले थे। फिर लौटकर नहीं आए। करीब 30 घंटे होने के बाद उनकी तलाश शुरू की गई। इस दौरान तालाब में दोनों की चप्पलें उतारते दिखी।

शक होने पर 5 गोताखोर बुलाकर पानी में उतारे गए। दो घंटे की तलाश के बाद दोनों के शव बरामद हो गए। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दोनों शवों के बुधवार को पोस्टमार्टम होंगे। पूरा मामला सकरार थाना क्षेत्र के मगरपुर गांव का है।

### पुलिस के पहुंचने पर शुरू हुई खोज

मृतकों की पहचान मगरपुर गांव निवासी राहुल श्रीवास (25) पुत्र श्यामलाल श्रीवास और पड़ोस के गांव संतपुरा निवासी दीपू उर्फ दीपचंद (24) पुत्र रामेश्वर परिहार के रूप में हुई है।

मगरपुर प्रधान परसुराम कुशवाहा ने बताया- राहुल और दीपू अच्छे दोस्त थे और रोजाना साथ उठते-बैठते थे। सोमवार को दीपावली के दिन दोनों घर से नहाने के लिए गए थे। लेकिन शाम तक दोनों लौटकर घर नहीं पहुंचे। इस परिजनों ने तलाश शुरू की, मगर कोई पता नहीं चला।

मंगलवार सुबह भी ढूंढ़ा, मगर दोनों नहीं मिले। तब राहुल के पिता श्यामलाल ने सकरार पुलिस को सूचना दी।

थाना प्रभारी पप्पू सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस, परिजन और ग्रामीणों ने दोनों की तलाश शुरू की।

# जगुआर से छह को रौंदने का आरोपी भेजा गया जेल

## लखनऊ से रात में लेकर पहुंची पुलिस, अब ज्यूडिशियल कस्टडी में

**प्रयागराज।** प्रयागराज के चर्चित जगुआर हादसे का आरोपी व मिठाई कारोबारी का बेटा रचित मध्यान मंगलवार को जेल भेज दिया गया। घटना के तीसरे दिन पुलिस उसे लखनऊ से गिरफ्तार कर रात में प्रयागराज लाई। मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी के बाद रिमांड मंजूर होने पर उसे नैनी जेल में दाखिल करा दिया गया।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, रचित मध्यान को मंगलवार दोपहर लखनऊ में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे बेहद गोपनीय तरीके से प्रयागराज लाया गया ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने। प्रयागराज पहुंचने के बाद रात में उसे कड़ी सुरक्षा के बीच मजिस्ट्रेट के सामने लाया गया। यहां पुलिस ने रिमांड अर्जी दी, जिसे मंजूर कर लिया गया। इसके बाद मजिस्ट्रेट के आदेश पर रचित को न्यायिक हिरासत में नैनी जेल भेज दिया गया।

### पुलिस की टीम तीन दिन से थी लखनऊ में तैनात

19 अक्तूबर की दोपहर घटना के बाद रचित को पहले कॉल्विन अस्पताल भेजा गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया।

रात में एसआरएन अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किए जाने पर उसे पुलिस सुरक्षा में लखनऊ भेजा गया, जहां वह एक निजी अस्पताल में भर्ती हुआ। इसके बाद से उसका इलाज चल रहा था। उधर मुकदमा गैर इरादतन हत्या की धारा में तरमीम होने के बाद मंगलवार दोपहर पुलिस टीम ने उसे अस्पताल में ही गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टरों की हरी झंडी के बाद शाम को उसे लेकर टीम रवाना हुई और रात में प्रयागराज पहुंचकर उसे कोर्ट में पेश किया।

### कारोबारी परिवार से है आरोपी, चर्चित डॉक्टर का दामाद

आरोपी रचित मध्यान शहर के चर्चित कारोबारी परिवार से जुड़ा है। उसके पिता वासुदेव मध्यान व चाचा इंदर मध्यान प्रयागराज के कामधेनु स्वीट्स एंड नमकीन एलएलपी फर्म के संचालक हैं। इस कंपनी में पिता-चाचा व एक अन्य समेत रचित खुद भी डायरेक्टर है। इसके अलावा वह चर्चित डॉक्टर एमके मदनानी का दामाद भी है। उसकी पत्नी अमृता भी डॉक्टर हैं। रचित पहले भी विवादों में घिर चुका है। उस पर 1.08 करोड़ रुपये के फ्रॉड का एक मामला पहले से दर्ज है।

### 19 अक्तूबर की दोपहर में घटना

19 अक्टूबर की दोपहर प्रयागराज के राजरूपपुर इलाके में तेज रफ्तार जैगुआर कार ने छह लोगों को रौंद दिया था।

इस हादसे में पांच लोग घायल हुए थे जबकि एक की मौके पर मौत हो गई थी।

हादसे के बाद आरोपी चालक को किसी तरह भीड़ से बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त कार बेकाबू रफ्तार से दौड़ाई गई थी।

# लापता महिला हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

- देवर और भतीजा गिरफ्तार,भीटी पुलिस ने भेजा जेल

पूनम तिवारी विशाल इण्डिया

**अंबेडकरनगर।** भीटी थाना क्षेत्र में धान काटने गई 65 वर्षीय महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस और स्वाट टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। हत्या जमीन हड़पने की नीयत से की गई थी।



जानकारी के अनुसार, बीते 17 अक्टूबर को थाना भीटी क्षेत्र के ग्राम खमपुर मदारभारी मजरे मदारभारी की निवासी रामरती देवी (65 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय रामजियावन निषाद खेत में धान काटने गई थीं, लेकिन घर नहीं लौटीं। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की। अगले दिन मृतका के भांजे रामजीत पुत्र रामखेलावन निवासी महमूदपुर चपरा, थाना महरुआ ने तहरीर देकर महिला के देवर रामदयाल पुत्र गोबरी और उसके बेटे बृजलाल पुत्र रामदयाल पर हत्या की आशंका जताई। मामले में मुकदमा संख्या 251/25, धारा 87 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा की गई कड़ी पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने जमीन हड़पने की नीयत से हत्या करने की बात स्वीकार की। अभियुक्तों ने बताया कि 17 अक्टूबर की शाम जब रामरती देवी खेत में धान काट रही थीं, तभी उनकी हत्या कर शव को प्लास्टिक की बोरी में बंद कर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नीचे, थाना जयसिंहपुर (जनपद सुल्तानपुर) क्षेत्र की झाड़ियों में छिपा दिया गया।

# नाक रगड़वाने वाला भाजपा से निष्कासित

**मेरठ।** मेरठ में बीच सड़क व्यापारी से नाक रगड़वाने वाले को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विकुल चपराणा ने पुलिस वालों के सामने धमकाते हुए कहा था कि मंत्री सोमेंद्र तोमर सबका बाप है। जमीन पर नाक रगड़कर माफी मांगो। इस दौरान व्यापारी गिड़गिड़ा कर माफी मांगता रहा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया था। एसएसपी ने घटनास्थल पर मौजूद 3 पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर कर दिया। इसमें कीर्ति पैलेस चौकी प्रभारी गौरव सिंह, हेड कॉन्स्टेबल चेतन, कॉन्स्टेबल बृजेश शामिल हैं। पुलिस ने व्यापारी को धमकाने के मामले में गिरफ्तार किया है।

पीड़ित व्यापारी सत्यम रस्तोगी ने कहा- मेरी कोई गलती नहीं थी। पार्किंग का विवाद था। मेरी किसी से कोई पर्सनल दुश्मनी नहीं है। पुलिस-प्रशासन अपना काम कर रही है। हम तो साधारण आदमी हैं।

# मिशन शक्ति के तहत ललितपुर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशानुसार, महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए आज दिनांक 22.10.2025 को जनपद ललितपुर के थानों पर गठित मिशन शक्ति केन्द्र टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति और साइबर अपराध जागरूकता का सफल आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किए गए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनका उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# एसपी ने किया महरौनी थाने का आकस्मिक निरीक्षण

## एसपी ने पैदल गश्त कर व्यापारियों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक ,द्वारा थाना महरौनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय , मिशन शक्ति केंद्र आदि का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कार्यालय/मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिये गये है तथा मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया ।



थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व महरौनी क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से क़ॉलेजों/स्कूलो आदि जगहो पर जाकर महिलाओं/बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरशः अनुपालन कराया जाये ।

एसपी द्वारा थाना महरौनी की परिसर पर उपस्थित संभ्रांत नागरिकों/पत्रकार बन्धुओं के साथ मीटिंग की गई तथा जनसहयोग व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सुझाव प्राप्त कर , संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# महिला पुलिसकर्मियों ने सौजना थाने के नए कार्यालय का किया उद्धाटन

### एसपी ने किया सौजना थाने का निरीक्षण

**ललितपुर ।** मिशन शक्ति के तहत महिला थानाध्यक्ष ने नवनिर्मित थाना कार्यालय का उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ,द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के दृष्टिगत थाना सौजना के आधुनिकीकृत नव-निर्मित थाना कार्यालय का महिला थानाध्यक्ष/महिला आरक्षियों से फीता कटवाकर किया गया उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात थाना सौजना ललितपुर



का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान सौजना परिसर, कार्यालय , मिशन शक्ति केंद्र आदि का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । कार्यालय/मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिये गये है तथा मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व सौजना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

## साइबर पुलिस ने वापस दिलाई ठगी की रकम



**ललितपुर।** साइबर पुलिस ने साइबर फ्रॉड के शिकार एक व्यक्ति के खाते में दो लाख 90 हजार रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पुलिस द्वारा साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक हरिशंकर पुत्र वृंदावन उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम मौगान थाना बानपुर जिला ललितपुर के साथ 02,90,000/- रुपये की धनराशि की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में साइबर क्राइम थाना, ललितपुर पर आवेदक द्वारा शिकायत की गयी थी ।

# शार्ट न्यूज

## माता लक्ष्मी गणेश की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

विशाल इण्डिया पूनम तिवारी



**अंबेडकर नगर।** महरुआ थाना क्षेत्र में दीपावली त्यौहार के दौरान तीन दिन पूजा अर्चना करने के उपरांत मां लक्ष्मी भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन पारंपरिक ढंग से मंगलवार को विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से पुलिस प्रशासन की देखरेख में नम उत्साह पूर्वक तथा प्रशासनिक कुशलता पूर्वक किया गया।मौके पर सीओ भीटी लक्ष्मी कान्त मिश्रा महरुआ थाना प्रभारी यादवेंद्र सोनकर एसआई सुधीर कुमार त्रिपाठी एसआई बब्लू चौधरी,नितिन सिंह सिपाही पंकज सिंह, प्रमोद शर्मा जय प्रकाश मौर्य ने मिल कर शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन संपन्न कराया।

## निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष की पत्नी फंदे से लटकी

**झांसी।** झांसी में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवकुमार रायकवार की पत्नी ने फंदे से लटक कर जान दे दी। नीलू रायकवार का दो साल से पति से विवाद चल रहा था। वह किराए का कमरा लेकर अलग रहती थीं। बुधवार सुबह काफी देर होने पर भी नीलू कमरे से बाहर नहीं निकली। मकान मालिक ने उनके कमरे का गेट खटखटाया। नीलू की जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो मकान मालिक ने खिड़की से झांक कर देखा। नीलू की लाश कमरे में लगे फंदे से लटक रही थी। मकानमालिक से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कालोनी की है। 8 महीने पहले झांसी पहुंचे यूपी के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के सामने भी पति-पत्नी में जमकर विवाद हुआ था। इस दौरान होर्डिंग में छोटी फोटो लगने से नाराज नीलू ने मीडिया के सामने मंत्री से कई सवाल किए थे। इस पर संजय निषाद ने कहा था कि मीडिया के सामने सत्यानाश कर दिया। नीलू उस समय निषाद पार्टी से महिला जिला सचिव थीं। शिवकुमार और नीलू के दो बच्चे हैं।

## कानपुर में मंदिर के दीपक से फ्लैट में लगी आग

**कानपुर।** कानपुर साकेत नगर के एक अपार्टमेंट में रहने वाले ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के रिटायर कर्मचारी के ताला बंद फ्लैट में आग लग गई। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग ने पूरे फ्लैट को अपने चपेट मे ले लिया था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। दूसरे फ्लैटों में आग पहुंचने से रोका। तब जाकर सोसायटी में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। आग से घर की पूरी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। स्माल आर्म्स फैक्ट्री से रिटायर अरविंद त्रिपाठी पत्नी रंजना के साथ साकेत नगर में बने 4 मंजिला शिवम एन्क्लेव अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल के 303 नंबर फ्लैट में रहते हैं। अरविंद ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर पर बने भगवान के मंदिर में पूजा के बाद दीपक जलाया था। इसके बाद ताला बंद कर पत्नी के साथ यशोदा नगर में रहने वाले माता-पिता के घर जाने के लिए निकल गए। संजय वन के पास पहुंचे ही थे कि अपार्टमेंट वासियों के फोन आए कि फ्लैट में आग लग गई।

## उन्नाव में बालिका का शव फंदे से लटका मिला

उन्नाव। उन्नाव के चंपापुरवा इलाके में बुधवार शाम एक 13 वर्षीय बालिका महिमा गुप्ता का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका महिमा गुप्ता ने लगभग एक साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी और वह घर पर ही रहती थी। घटना के दिन बुधवार को वह घर में अकेली थी। उसकी मां सुधा गुप्ता कानपुर में ड्यूटी पर थीं। भाई प्रांजल गुप्ता काम पर गया था। पिता मनीष गुप्ता कानपुर में अपनी बड़ी बेटी वर्षा के घर गए हुए थे। शाम करीब 5:30 बजे जब मां सुधा गुप्ता ड्यूटी से लौटीं, तो उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा अंदर से खुला पाया। अंदर जाने पर उन्होंने महिमा को कमरे के पंखे के कुंडे से झूले की रस्सी के सहारे लटका देखा। यह देखकर मां अचेत हो गईं। पड़ोसियों ने शोर सुनकर उन्हें संभाला और पुलिस को सूचना दी। गंगाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिमा की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है।

## पुलिस के सामने दबंगों ने की मारपीट

**मैनपुरी।** मैनपुरी में दबंगों की दबंगई का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें कुरावली थाने से महज 20 कदम की दूरी पर दो पक्षों में बीच सड़क पर जमकर मारपीट हुई। घटना के दौरान एक पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद था, लेकिन उसके सामने ही दबंग खुलेआम मारपीट करते रहे। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि काली टी-शर्ट पहने एक युवक बेतहाशा मारपीट कर रहा है। जबकि अन्य लोग उसे रोकने की कोशिश करते नजर आते हैं। इसी दौरान एक महिला भी बीच-बचाव करती दिखती है, लेकिन आरोपी युवक का गुस्सा शांत नहीं होता। सूत्रों के अनुसार, झगड़ा उधारी के पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था। दोनों ही पक्ष मुस्लिम समुदाय के बताए जा रहे हैं। घटना के समय मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं की। लोगों का कहना है कि पुलिसकर्मी की मौजूदगी के बावजूद दबंगों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है कि वे खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाने से भी नहीं डरते।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**कुशीनगर।** कुशीनगर में युवक का फंदे से लटका शव मिला। युवक चंडीगढ़ से दिवाली मनाने अपने घर आया था। जो लंबे समय से बीमारी से परेशान चल रहा था। मामला रामकोला थाना क्षेत्र का है। यह घटना पकड़ी बन्तीर उर्फ सौनहा गांव में हुई। मृतक की पहचान दिलीप कुमार पुत्र रामप्रवेश के रूप में हुई है। दिलीप चंडीगढ़ में काम करता था। काफी समय से बीमार चल रहा था। उसका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। वह दिवाली का त्योहार मनाने के लिए चंडीगढ़ से अपने पैतृक घर आया था। बुधवार सुबह लगभग 6: 30 बजे यह घटना सामने आई। मंगलवार रात खाना खाकर दिलीप सोने चला गया था। जब वह काफी देर तक नहीं उठा, तो उसके पिता रामप्रवेश ने कमरे में जाकर देखा। उन्होंने दिलीप को कमरे में लगे पाइप से लटका हुआ पाया। परिजनों ने तुरंत शव को नीचे उतारा और स्थानीय रामकोला थाने को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर रामकोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## महराजगंज में मूर्ति विसर्जन जुलूस में हंगामा

**महराजगंज।** महराजगंज के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र की ग्राम सभा मोहम्मदा में बुधवार शाम करीब छह बजे मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हंगामा हो गया। आरोप है जुलूस पर पथराव किया गया। इस घटना में जुलूस में शामिल कुछ महिलाएं घायल हो गईं। मौके पर मौजूद पुलिस ने पहले तो हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। आरोप है कि जुलूस के कुछ दूर आगे बढ़ने पर दोबारा पथराव किया गया, जिससे हंगामा और बढ़ गया। स्थिति बिगड़ती देख भारी संख्या में पुलिस बल बुलाया गया। एडीशनल एसपी सिद्धार्थ, सीओ सदर जयप्रकाश त्रिपाठी, एडीएम प्रशांत, एसडीएम जितेंद्र कुमार, तहसीलदार पंकज शाही, श्यामदेउरवां, भिटौली और महिला थाना की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने हंगामा शांत कराया और कड़ी सुरक्षा के बीच मूर्ति विसर्जन संपन्न कराया। पथराव में बुद्धू की 40 वर्षीय पत्नी, राजेश की 13 वर्षीय बेटी, नागमती (30), आरती (50) और रेनू (20) को चोटें आई हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 23 अक्टूबर 2025
Www.vishalindia.in

# साने ताकाइची ने रचा इतिहास, बनीं जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री



**टोक्यो, एजेंसी।** जापान की संसद ने मंगलवार को अति-रूढ़िवादी साने ताकाइची को देश की पहली महिला प्रधानमंत्री चुना। इसके साथ ही साने ने जापान में एक नया इतिहास लिख दिया। 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' की प्रमुख 64 वर्षीय ताकाइची प्रधानमंत्री के रूप में शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी, जिन्हें दो बार चुनावी हार के बाद मजबूरन इस्तीफा देना पड़ा था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार जापान की संसद के निचले सदन में साने ताकाइची को 237 वोट मिले हैं, जो 465 सीटों वाले सदन में बहुमत से अधिक है। वह आज शाम जापान के 104वें प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेंगी।

## जापान की आयरन लेडी

जापान की संसद सदस्य तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाली ताकाइची आर्थिक सुरक्षा मंत्री समेत कई अहम जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं। कट्टर रूढ़िवादी छवि की वजह से आलोचक उन्हें लेडी डोनाल्ड ट्रंप कहने लगे हैं, तो पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कथित तौर पर उन्हें 'तालिबान ताकाइची' तक कह दिया था। वह मार्गरेट थैचर की तरह जापान की आयरन लेडी के नाम से मशहूर हैं।

## एक मजबूत सेना की समर्थक हैं ताकाइची

साने ताकाइची की छवि एक अति-रूढ़िवादी नेता की है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के रूढ़िवादी दृष्टिकोण की समर्थक माना जाता है। लिबरल डेमोक्रेट्स पार्टी एक पुरुष प्रधान पार्टी है और ताकाइची इस पार्टी की पहली महिला अध्यक्ष हैं। ताकाइची साल 1993 में पहली बार अपने गृहनगर नारा से सांसद चुनी गई थीं। उन्होंने आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता मंत्री सहित कई अहम सरकारी पदों पर काम किया है। ताकाइची एक मजबूत सेना, सैन्य खर्च बढ़ाने, परमाणु संलयन को बढ़ावा देने, साइबर सुरक्षा और आव्रजन पर सख्त नीति की समर्थक हैं। ताकाइची शाही परिवार में केवल पुरुषों के उत्तराधिकार की समर्थक हैं, वे समलैंगिक विवाह का विरोध करती हैं और 19वीं सदी के नागरिक कानून में संशोधन का विरोध करती हैं।

## एंकर से देश की पीएम बनने तक का सफर

साने ताकाइची का जन्म सात मार्च 1961 को जापान के नारा राज्य में हुआ था। उनके पिता टोयोटा कंपनी में कर्मचारी थे, तो मां पुलिस में। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद ताकाइची निजी विश्वविद्यालय से पढ़ाई करना चाहती थीं, लेकिन छोटे भाई की पढ़ाई में कोई व्यवधान न आए, इसलिए उन्होंने कोबे विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने टीवी एंकरिंग समेत अन्य काम किए। 1984 में ताकाइची ने मात्सुशिता इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नमेंट एंड मैनेजमेंट में प्रवेश लिया। तीन साल बाद, उन्हें एक कार्यक्रम के तहत वाशिंगटन डीसी भेजा गया। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के अमेरिकी प्रतिनिधि पैट श्रोएडर के लिए कांग्रेसनल फेलो के रूप में काम किया। 1989 में उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस में अपने अनुभव पर एक किताब भी लिखी।

## शिंजो आबे से सीखी राजनीति

अमेरिका से लौटने के बाद ताकाइची ने राजनीति में सक्रियता बढ़ा दी। उन्होंने 1992 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव?लड़ा, लेकिन हार गईं। इसके एक साल बाद ही और अच्छी तैयारी के साथ फिर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में संसदीय चुनाव मैदान में उतरीं और जीत दर्ज की। 1996 में वह दक्षिणपंथी एलडीपी से जुड़ गईं और अब तक संसद सदस्य हैं। 2000 के दशक में ताकाइची शिंजो आबे की सहयोगी बन गईं, जो लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने आबे के मार्गदर्शन में राजनीति के दांव-पेच सीखे। 2021 और 2024 में एलडीपी की शीर्ष नेता का चुनाव हार गईं, लेकिन इस बार शिगेरू इशिबा के इस्तीफे के बाद पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में उन्होंने कृषि मंत्री शिंजिरो कोइजुमी को हराया। वह सिर्फ एक बार चुनाव हारी हैं और दस बार संसद सदस्य चुनी गई हैं।

## एलडीपी की पहली महिला अध्यक्ष

64 वर्षीय साने ताकाइची एलडीपी की पहली महिला अध्यक्ष बनने के साथ ही देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने वाली हैं। वह नारा प्रांत की पहली ऐसी व्यक्ति होंगी, जो प्रधानमंत्री बनेंगी। इसके साथ ही द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने वाली भी वह ऐसी पहली व्यक्ति बन जाएंगी, जिसका किसी राजनीतिक खानदान से ताल्लुक न हो। वह चीन के सैन्य और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने के प्रयासों की एक प्रमुख आलोचक रही हैं और उन्होंने जापान से अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया है। उन्होंने प्रवासियों से भी अपने देश 'जापान लौटने' का आह्वान किया है।

## ड्रम वादक और कार चालक

ताकाइची को कॉलेज के समय से ही ड्रम बजाने का शौक है। वह इतनी तेजी से ड्रम बजाती थीं कि स्टिक ही टूट जाती, इसलिए वह अपने पास अतिरिक्त स्टिक रखती थीं। वह मोटरसाइकिल और कार चलाने की भी शौकीन हैं, तो स्कूबा डाइविंग में उन्हें महारत हासिल है। वह जब पहली बार संसद का चुनाव जीतीं, तो उन्होंने टोयोटा कंपनी की कार खरीदी, जिसे उन्होंने लंबे समय तक चलाया, अब वह उनके छोटे म्यूजियम का हिस्सा है। वह गाना गाने और जापानी रॉक सुनने की शौकीन हैं और बेसबाल टीम हनशिन टाइगर्स और घुड़दौड़ की प्रशंसक हैं।

## कट्टर, फिर भी प्रगतिशील

ताकाइची महिला सशक्तीकरण की हिमायती हैं, लेकिन कुछ मामलों में वह कट्टर परंपरावादी हैं। उनका मानना है कि जापान के शाही परिवार का उत्तराधिकारी पुरुष ही होना चाहिए, तो वह समलैंगिक विवाह के खिलाफ हैं। वह शादी के बाद फूफू बेसेई या विवाहित जोड़ों के लिए अलग उपनाम के विचार का विरोध करती हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह परंपरा के विरुद्ध है। वह जापानी मूल्यों के संरक्षण पर जोर देती हैं।



# व्हाइट हाउस में चलेगा बुलडोजर ! ईस्ट विंग की जगह बनेगा नया भव्य बॉलरूम

## ट्रंप ने किया निर्माण कार्य का एलान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यालय व्हाइट हाउस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि व्हाइट हाउस के ईस्ट विंग को तोड़कर वहां एक नया, भव्य प्रेसिडेंशियल बॉलरूम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट पूरी तरह निजी रूप से फंडेड है और इससे अमेरिकी करदाताओं पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। ट्रंप ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर के दी। उन्होंने बताया कि यह बॉलरूम राजकीय यात्राओं, बड़े आयोजनों और आधिकारिक कार्यक्रमों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए काम आएगा। ट्रंप ने कहा कि 150 वर्षों से हर राष्ट्रपति यह सपना देखता रहा है कि व्हाइट हाउस में एक बॉलरूम हो। मुझे गर्व है कि मैं इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को शुरू करने वाला पहला राष्ट्रपति बना। बता दें कि इस नए बॉलरूम का आकार लगभग 90,000 वर्गफुट होगा और इसकी अनुमानित लागत 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह ट्रंप की लंबे समय से चली आ रही इच्छा का हिस्सा है कि व्हाइट हाउस में आधुनिक और आलीशान इवेंट स्पेस बनाया जाए, जो उनके निजी क्लबों की तरह भव्य दिखे। व्हाइट हाउस द्वारा जारी तस्वीरों में इस बॉलरूम को क्रिस्टल और गोल्ड झूमरों, सोने से सजे कॉलम, सुंदर नक्काशीदार छत और चेकर्ड मार्बल फ्लोर से सजाया गया दिखाया गया है। इसका डिजाइन व्हाइट हाउस की शास्त्रीय वास्तुकला के अनुरूप होगा और यह एक साथ 650 मेहमानों को बैठाने की क्षमता रखेगा, जो वर्तमान में सबसे बड़े ईस्ट रूम की क्षमता से तीन गुना ज़्यादा है। इस बॉलरूम में दक्षिण लॉन की ओर खुलने वाली तीन दीवारों पर मेहराबदार खिड़कियां भी होंगी, जिससे भव्यता के साथ प्राकृतिक दृश्य भी मिलेंगे। ट्रंप इससे पहले भी व्हाइट हाउस परिसर में कई बदलाव कर चुके हैं, जिनमें बड़े फ्लैगपोल लगवाना, रोज गार्डन का नया डिज़ाइन और ओवल ऑफिस में गोल्डन सजावट शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिसाइलें नहीं मिलीं पर उम्मीद बाकी, ट्रंप से मुलाकात के बाद जेलेंस्की बोले- बातचीत सकारात्मक रही



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात सकारात्मक रही, भले ही उन्हें उम्मीद के मुताबिक टॉमहॉक मिसाइलें नहीं मिल सकीं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका अब भी यूक्रेन के साथ आर्थिक साझेदारी को लेकर दिलचस्पी रखता है। यह बैठक ऐसे समय हुई जब ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बातचीत के कुछ घंटे बाद ही दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। जेलेंस्की ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि ट्रंप ने रूस के साथ तनाव बढ़ाने से फिलहाल इनकार किया है। उन्होंने कहा, मेरे विचार में ट्रंप नहीं चाहते कि पुतिन से मुलाकात से पहले कोई बड़ा सैन्य तनाव बढ़े। यूक्रेन टॉमहॉक मिसाइलों की खरीद के लिए प्रयासरत था, जिससे उसकी रक्षा क्षमता में बड़ा सुधार होता, पर यह अनुरोध ट्रंप द्वारा खारिज कर दिया गया। इस निर्णय से यूक्रेन को निराशा हुई, लेकिन जेलेंस्की ने अपनी प्रतिक्रिया में कूटनीतिक संयम बनाए रखा।

**अमेरिकी सहायता और पैट्रियट सिस्टम की मांग :** यूक्रेन सरकार 25 पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम अमेरिकी कंपनियों से खरीदना चाहती है। इसके लिए वह जमे हुए रूसी फंड और सहयोगी देशों की मदद से संसाधन जुटाने की योजना बना रही है। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने ट्रंप से उत्पादन प्रक्रिया को तेज कराने और यूरोपीय सहयोगियों के माध्यम से इसे जल्द उपलब्ध कराने में मदद मांगी। हालांकि, उन्होंने माना कि इन सभी प्रणालियों की डिलीवरी में समय लगेगा।

**पुतिन के रुख और वार्ता का अगला चरण :** बैठक में ट्रंप ने दोहराया कि रूस की मांग अब भी वही है। यूक्रेन को अपने पूरे डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्रों को छोड़ना होगा। इसके बावजूद जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप का रवैया कुल मिलाकर सकारात्मक था क्योंकि उन्होंने वर्तमान मोर्चा-रेखा पर युद्धविराम की संभावना को समर्थन दिया। ट्रंप आगामी हफ्तों में हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में पुतिन से मिलने वाले हैं। उनका मानना है कि यह बैठक यूक्रेन युद्ध के समाधान की दिशा में एक कदम साबित हो सकती है।

**बुडापेस्ट मीटिंग और ऑर्बन पर कटाक्ष :** जेलेंस्की ने बुडापेस्ट को संभावित वार्ता स्थल मानने से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि मैं नहीं मानता कि वह प्रधानमंत्री जो हर मोर्चे पर यूक्रेन का विरोध करता है, हमारे लिए कोई संतुलित योगदान दे सकता है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अगर वार्ता निष्पक्ष होगी तो वह उसमें भाग लेने पर विचार करेंगे। उन्होंने पुतिन के प्रस्ताव पर भी सवाल उठाए, जिसमें रूस ने खेरसॉन और जापोरिझिया के कुछ हिस्से छोड़ने की पेशकश की थी, बशर्ते यूक्रेन डोनेट्स्क और लुहान्स्क से पीछे हट जाए। जेलेंस्की ने आगे कहा कि हमें अब तक रूस की मंशा साफ नहीं दिखी, लेकिन सभी पक्ष अब थोड़ा करीब जरूर आए हैं।

**अमेरिका की आर्थिक दिलचस्पी और गैस प्रोजेक्ट :** जेलेंस्की ने यह भी खुलासा किया कि अमेरिका यूक्रेन में गैस और ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश को लेकर दिलचस्पी रखता है। दोनों देशों के बीच ओडेसा में एलएनजी टर्मिनल निर्माण सहित कई ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर बातचीत हुई है। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा और तेल क्षेत्र में भी साझेदारी की संभावनाएं तलाशने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप मध्य पूर्व में काफी कुछ हासिल कर चुके हैं, और अब वह उसी रफ्तार से रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिश करना चाहते हैं।

# हूती विद्रोहियों ने यमन के पांच कर्मियों को मुक्त किया

**सना, एजेंसी।** यमन में हूती विद्रोहियों ने यमन के पांच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) कर्मचारियों को रिहा कर दिया। विद्रोहियों ने 15 अंतरराष्ट्रीय कर्मियों को सना स्थित यूएन परिसर में स्वतंत्र रूप से आने-जाने की अनुमति दी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि हूती सुरक्षा बल परिसर से हट गए हैं। बता दें कि हूती लंबे समय से यूएन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को निशाना बनाते रहे हैं। उन पर जासूसी के आरोप भी लगे हैं जिन्हें यूएन ने खारिज किया है। कर्मियों को मुक्त करने के अलावा हूती विद्रोहियों ने अपने सैन्य प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अब्दुल करीम अल-गमारी का अंतिम संस्कार भी किया।गमारी हाल ही में इस्राइली सेना के हवाई हमले में मारे गए थे। हजारों लोग सना की सड़कों पर दिखे और इस्राइल के खिलाफ नारे भी लगाए। हूती समर्थित मीडिया के अनुसार, अल-गमारी के अलावा उनके 13 वर्षीय बेटे और कई सहयोगी भी मारे गए। बता दें कि अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने अल-गमारी पर कई प्रतिबंध लगाए थे। गमारी पर यमन और सऊदी अरब पर हमलों के संचालन का आरोप भी लगा था। बता दें कि इस्राइल और अमेरिका हूती हमलों के जवाब में संयुक्त सैन्य अभियान चला रहे हैं। अमेरिका में पाकिस्तान के एक हथियार तस्कर को पांच आरोपों में दोषी ठहराए जाने बाद 40 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उस पर ईरान से यमन में हूती विद्रोहियों तक बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे पहुंचाने का आरोप था। जियो न्यूज के अनुसार, दोषी मोहम्मद पहलवान (49) को अमेरिकी सैन्य बलों ने पिछले साल जनवरी में अरब सागर से उस वक्त पड़ा, जब वह मछली पकड़ने वाली नाव के जरिये इन कलपुर्जों को ले जा रहा था।

# पत्रकार ने पूछा- ट्रम्प और पुतिन की बैठक की जगह किसने चुनी, व्हाइट हाउस की प्रवक्ता बोलीं- तुम्हारी मां ने

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने सोमवार को हफिंगटन पोस्ट के पत्रकार एसवी डीटे पर नाराजगी जताई। लीविट ने उन्हें लेफ्ट-विंग हैक कहा। दरअसल एसवी डीटे ने लीविट को मैसेज कर ट्रम्प और पुतिन की संभावित बैठक से जुड़ा सवाल किया। उन्होंने पूछा कि इस बैठक के लिए जगह किसने चुनी। इस पर लीविट ने जवाब देते हुए कहा कि, तुम्हारी मां ने चुनी।

पत्रकार एसवी डीटे ट्रम्प की आलोचनात्मक कवरेज के लिए जाने जाते हैं। लीविट ने बाद में अपना यह जवाब ङ्क पर शेयरकरते हुए लिखा कि एसवी डीटे तथ्य में रुचि रखने वाले पत्रकार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह वर्षों से ट्रम्प पर लगातार हमला कर रहे हैं।

बुडापेस्ट में होने वाली बैठक में ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन युद्ध को खत्म करने पर चर्चा करेंगे। लेविट कैरोलिन ने जवाब में तीखा तंज कसते हुए लिखा, आपकी मां ने किया। इसके बाद उन्होंने अपने इस जवाब का स्क्रीनशॉट एक्स पर शेयर किया और लिखा, हफिंगटन पोस्ट के एसवी डेट फैक्ट में रुचि रखने वाले पत्रकार नहीं हैं। वह एक वामपंथी हैक हैं, जिन्होंने वर्षों से लगातार राष्ट्रपति ट्रंप पर हमला बोला है और मेरे फोन पर डेमोक्रेटिक बातों को बार-बार भेजते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, डेट का एक्स फीड देखिए, यह ट्रंप विरोधी निजी डायरी की तरह लगता है। कार्यकर्ता जो खुद को असली पत्रकार बताते हैं, वे इस पेशे को बदनाम करते हैं।

## बुडापेस्ट में हो सकती है मीटिंग

ट्रंप प्रशासन ने ट्रंप-पुतिन शिखर सम्मेलन की सटीक तारीख या जगह की पुष्टि नहीं की है। संभावना है कि यह अगले दो हफ्तों में बुडापेस्ट में यह होगा। दोनों नेताओं की पिछली बैठक 15 अगस्त को अलास्का में हुई थी, जो पुतिन की ओर से ट्रंप के तत्काल युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराने के बाद बिना किसी प्रगति के समाप्त हुई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने पिछले हफ्ते वाशिंगटन में ट्रंप से मुलाकात की थी, उन्होंने अपनी बातचीत को सकारात्मक बताया। जेलेंस्की ने कहा, ट्रंप और उनकी टीम के साथ 2 घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। उनका संदेश मेरे विचार से सकारात्मक है। हम मोर्चे पर जहां हैं, वहां डटे रहेंगे।




# 25 साल के बिपिन को नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने दी श्रद्धांजलि



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के 25 वर्षीय छात्र बिपिन जोशी, जिन्हें 2023 में हमास के आतंकियों ने इस्राइल से अगवा कर लिया था, आखिरकार दो साल बाद स्वदेश लौटे लेकिन ताबूत में। काठमांडू पहुंचने के बाद नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बिपिन को राष्ट्रीय सम्मान के साथ श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूरा देश शोक में डूबा नजर आया। बिपिन जोशी इस्राइल में लर्न एंड अर्न कार्यक्रम के तहत कृषि की पढ़ाई कर रहे थे। सात अक्तूबर 2023 को जब हमास ने इस्राइल के दक्षिणी इलाके किब्बुत्ज़ अलुमीम पर हमला किया, तब

## हमास की कैद में हुई थी मौत

बिपिन समेत 17 नेपाली छात्रों को अगवा कर लिया गया था। शुरुआती दिनों में माना गया कि वह जीवित हैं और हमास की कैद में हैं। पर दो वर्षों तक उनके बारे में कोई खबर नहीं मिली।

**मौत की पुष्टि और शव की पहचान :** बीते सप्ताह हमास के सैन्य विंग क़स्साम ब्रिगेड ने चार बंधकों के शव इस्राइल को सौंपे, जिनमें बिपिन जोशी का शव भी शामिल था। शव की पहचान टेल अवीव के फॉरेंसिक विभाग ने डीएनए जांच से की। इस्राइल डिफेंस फोर्स ने बताया कि बिपिन को अगवा करने के एक महीने बाद उनकी हत्या कर दी गई थी। हालांकि, हमास का दावा है कि बिपिन इस्राइली हवाई हमले में मारे गए।

**अंतिम यात्रा और नेपाल में श्रद्धांजलि :** रविवार को तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर बिपिन को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में इस्राइली अधिकारी, नेपाली राजनयिक और प्रवासी नेपाली समुदाय के सदस्य शामिल हुए। सोमवार दोपहर उनका पार्थिव शरीर नेपाल पहुंचा। काठमांडू में राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे ताबूत पर प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पुष्प अर्पित किए और उन्हें देश का वीर पुत्र बताया। इसके बाद शव को कंचनपुर स्थित उनके गांव ले जाया गया, जहां हजारों लोगों ने अंतिम दर्शन किए।

**कूटनीतिक और मानवीय पहलू :** हमास और इस्राइल के बीच जारी युद्धविराम और शांति प्रक्रिया के तहत बंधक अदला-बदली का समझौता हुआ था, जिसमें बिपिन का शव सौंपा गया। अमेरिकी मध्यस्थता से बने इस समझौते के पहले चरण में जीवित 20 बंधकों को रिहा किया गया था। बिपिन के परिवार को भेजे गए पत्र में बताया गया कि उनकी मौत सिर में गोली लगने से हुई। नेपाल सरकार ने इसे राष्ट्रीय त्रासदी बताते हुए विदेश मंत्रालय से अगवा नेपाली छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बोलिविया में पलटी सत्ता, रॉड्रिगो पाज की ऐतिहासिक जीत; अमेरिका के साथ रिश्तों में करेंगे नई शुरुआत?

**सूक्रे, एजेंसी।** बोलिविया में बीते 20 वर्षों में पहली बार एक दक्षिणपंथी नेता राष्ट्रपति चुने गए हैं। रॉड्रिगो पाज ने रविवार को हुए चुनाव में 54.5% वोट पाकर चौंकाने वाली जीत दर्ज की। यह नतीजा देश में लंबे समय से चली आ रही वामपंथी सरकार के युग के अंत का संकेत भी माना जा रहा है। अपनी जीत के बाद पाज ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका के साथ रिश्ते सुधारने और विदेशी निवेश लाने पर ध्यान देंगे। उन्होंने वॉशिंगटन के साथ पहले से बातचीत शुरू कर दी है ताकि 8 नवंबर को पदभार संभालने के बाद ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

**अमेरिका के साथ नए संबंधों की शुरुआत :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाज की जीत को दोनों देशों के लिए एक नए युग की शुरुआत बताया। पाज ने भी कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सहयोग के स्पष्ट संकेत दिए हैं और अब दोनों देश निवेश, सुरक्षा और आव्रजन जैसे मुद्दों पर मिलकर काम करेंगे।

**तेल की किल्लत और बिगड़ी अर्थव्यवस्था :** बोलिविया की अर्थव्यवस्था गहरे संकट में है। देश के केंद्रीय बैंक के पास विदेशी मुद्रा लगभग खत्म हो चुकी है, जिससे पेट्रोल और डीजल जैसी जरूरी चीजों का आयात मुश्किल हो गया है। शहरों में ईंधन के लिए लंबी लाइनें लग रही हैं और सितंबर में महंगाई दर 23% तक पहुंच गई, जो 1991 के बाद सबसे ज्यादा है।

**आईएमएफ से नहीं लेंगे मदद :** चुनाव में पाज ने अपने प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज तूतो किरोगा को हराया, जो आईएमएफ से कर्ज लेकर




आर्थिक संकट सुलझाना चाहते थे। पाज ने इस विचार को ठुकरा दिया क्योंकि बोलिविया में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रति अविश्वास गहरा है।

**जनता से जुड़ने में लारा की अहम भूमिका :** पाज की लोकप्रियता में बड़ी भूमिका उनके उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एडमैन लारा की रही। पूर्व पुलिस अधिकारी लारा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सोशल मीडिया पर आवाज उठाई थी और खासकर गरीब और ग्रामीण मतदाताओं में काफी लोकप्रिय हुए। उन्होंने पेंशन बढ़ाने और नकद सहायता जैसी लोकलुभावन घोषणाएं कीं, जिससे वामपंथी मतदाताओं का समर्थन भी मिला।

**संविधान में बदलाव की योजना? :** पाज ने कहा कि वो सबसे पहले देश की व्यवस्था सुधारेंगे। इसके लिए संविधान में बदलाव की भी योजना है। हालांकि इससे देश की बहुसंख्यक आदिवासी आबादी में चिंता है क्योंकि मौजूदा संविधान ने उन्हें राजनीतिक पहचान दी थी। पाज ने भरोसा दिलाया कि आदिवासी समुदाय का सम्मान बरकरार रहेगा और न्यायपालिका में राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म करने के लिए तुरंत कदम उठाए जाएंगे।

## ट्रम्प के लिए मृत मां का वोट डालने वाली महिला को निबंध लिखने की सजा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में एक महिला को अपनी मृत मां के नाम से वोट डालने के मामले में अदालत ने सजा के रूप में निबंध लिखने और मतदान पर किताब पढ़ने का आदेश दिया है। नैशवॉक इलाके में रहने वाली 51 वर्षीय डेनियल क्रिस्टीन मिलर ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी मां के नाम से डोनाल्ड ट्रम्प को वोट दिया था।

# अमेरिका ने वीजा नियमों में दी बड़ी राहत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के सिटिजनशिप ऐंड इमिग्रेशन सर्विस डिपार्टमेंट ने एच 1 बी वीजा होल्डर्स को बड़ा राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि जिनके पास पहले से वीजा है उन्हें केवल स्टेस बदलवाने के लिए 1 लाख डॉलर का शुल्क नहीं देना होगा। गाइडलाइन्स के मुताबिक एफ-1 वीजा वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों और एल-1 वीजा वाले प्रफेशनल्स को 1 स्टेटस बदलवाने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। इसके अलावा जिनके पास एच 1 बी वीजा है उन्हें भी इसे रिन्यू करवाने के लिए 1 लाख डॉलर की फीस नहीं देनी पड़ेगी। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 सितंबर को एच-1बी वीजा के लिए एक लाख डॉलर के शुल्क का ऐलान किया था। 21 सितंबर से एच-1बी वीजा अप्लाई करने वालों को इसके लिए 1 लाख डॉलर की फीस देनी पड़ रही है।

# आपको न पसंद करता हूं, न करूंगा, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के सामने ही ट्रंप ने की पूर्व प्रधानमंत्री की बेइज्जती



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज अमेरिका के दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ रेयर अर्थ मिनरल्स डील पर दस्तखत किए। इस दौरान ट्रंप ने ऑस्ट्रेलिया के राजदूत और वहां के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रुड के प्रति सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उस वक्त केविन रुड भी वाइट हाउस में कैबिनेट की मेज पर आमने-सामने बैठे थे। यह वाकया तब हुआ, जब एक रिपोर्टर ने ट्रंप से पूछा कि केविन रुड की पिछली आलोचना उन्हें कैसी लगी? इस पर ट्रंप ने कहा, शायद वह माफ़ी मांगना चाहेंगे। इसके बाद अपने बगल में बैठे अल्बानीज की ओर मुड़ते हुए, ट्रंप ने कहा, वह कहाँ हैं? क्या वह अब भी आपके लिए काम कर रहे हैं? तभी अल्बानीज ने अजीब तरह से मुस्कुराते हुए रुड की ओर इशारा किया, जो ट्रंप के ठीक सामने बैठे थे। इसी बीच, केविन रुड ने ट्रंप को समझाना शुरू किया, राष्ट्रपति महोदय, यह मेरे इस पदभार ग्रहण करने से पहले की बात है।

## हंस पड़े सभी लोग

तभी ट्रंप ने उनकी बात को काटते हुए कहा, मैं भी आपको पसंद नहीं करता। आप मुझे पसंद नहीं है और शायद कभी भी नहीं करूँगा। तभी दोनों सहयोगी देशों के अधिकारी हँस पड़े। फिर रिपोर्टर ने जल्दी से एक नया सवाल पूछ लिया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बाद में ट्रंप की इस टिप्पणी को एक मजाक बताकर टालने की कोशिश की। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क से कहा, हमने हंसी सुनी। हम जानते हैं कि हमारी बैठक बहुत सफल रही और इसका पूरा श्रेय केविन को ही जाता है।

## क्या है मामला?

अल्बानियाई लेबर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रुड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति पद से हटने के बाद सोशल मीडिया पोस्ट उनकी तीखी आलोचना करते रहे थे। केविन रुड ने ट्रंप, जिनके समर्थकों ने 2020 के चुनाव में उनकी हार के बाद अमेरिकी संसद के बाहर दंगा किया था, को इतिहास का सबसे विनाशकारी राष्ट्रपति और पश्चिम का गद्दार तक कहा था। रुड ने कहा था कि ट्रंप अमेरिका और लोकतंत्र को कीचड़ में घसीट रहे हैं।

### ट्रंप ने भी कहा था टिक नहीं पाएंगे रुड

मंडारिन भाषा बोलने वाले पूर्व राजनयिक रुड को जो बाइडेन के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान अमेरिका में ऑस्ट्रेलिया का राजदूत नियुक्त किया गया था। ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद थी कि चीन पर उनकी विशेषज्ञता वॉशिंगटन में उनका प्रभाव बढ़ाएगी। पिछले वर्ष चुनाव प्रचार के दौरान ट्रम्प ने कट्टर दक्षिणपंथी ब्रिटिश राजनीतिज्ञ निगेल फैराज के साथ एक साक्षात्कार में रुड को बुरा कहा था और कहा था कि वह राजदूत के रूप में अधिक समय तक अमेरिका में नहीं टिक पाएंगे।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आज दूसरे एकदिवसीय में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच को जीतकर सीरीज में वापसी के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले एकदिवसीय में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में ऑस्ट्रेनियाई टीम तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 से आगे है। इस मैच में सभी की नजरें रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी रहेंगी। ये दोनो ही पहले एकदिवसीय में रन बनाने में विफल रहे थे। कोहली और रोहित का प्रयास इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। पहला एकदिवसीय मैच में भारतीय टीम के लिए अच्छा नहीं रहा था। बारिश की बाधा के बीच ही बार-बार मैच रुकने से भारतीय बल्लेबाज अधिक रन नहीं बना पाये और पूरी टीम 136 रनों पर ही आउट हो गयी थी। इस मैच में भारतीय गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर पाये।

अब दूसरे एकदिवीय में भारतीय टीम के बल्लेबाजों के लिए मेजबान गेंदबाजों क्योंकि मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड से सावधान रहना होगा। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उछाल और गति होती है और ऐसे हालातों में बल्लेबाजी करना कठिन होता है। इस मैच में अनुभवी स्पिनर एडम ज़म्पा और विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी की भी वापसी होगी।

इस मैच में रोहित पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहेगा क्योंकि टीम के पास यशस्वी जायसवाल जैसा खिलाड़ी बैंच पर है। रोहित ने इसी को देखते हुए मैच से पहले काफी अभ्यास किया है। रोहित अभ्यास के लिए समय से पहले ही पहुंच गये थे। अभ्यास सत्र में कोच कोच गौतम गंभीर और सहयोगी स्टाफ भी था।

रोहित के अलावा कोहली ने भी मंगलवार को नेट पर काफी समय बिताया।

बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने कहा इस मैच में भी पारी की शुरुआत रोहित ही कप्तान शुभमन गिल के साथ करेंगे। उन्होंने रोहित और विराट के फार्म को लेकर कहा , ''मुझे लगता है कि रोहित और विराट



अच्छी लय में दिख रहे हैं। उन्होंने कल अभ्यास सत्र बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसलिए मुझे लगता है कि वे वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।'' ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के नहीं होने से नीतीश रेड्डी को इस मैच में भी जगह मिलना तय है। इसके अलावा स्पिन ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी जगह मिल सकती है क्योंकि भारतीय टीम प्रबंध निचले स्तर तक बल्लेबाज चाहता है।

बल्लेबाजी कोच ने कहा, ''हार्दिक जैसे खिलाड़ी का न होना हमेशा ही झटका होता पर इससे युवा नीतीश को अनुभवी का मौका मिल रहा है और हम उसे निखारने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हर टीम को एक ऑलराउंडर की ज़रूरत होती है और हम उसे उस भूमिका में ढालने की कोशिश कर रहे हैं। इस नजर से यह एक अच्छी तैयारी है। लेकिन हार्दिक जैसे खिलाड़ी की कमी किसी भी टीम को खलेगी।'' इस बात की पूरी संभावना है कि भारत दूसरे मैच में भी उन्हें 11 खिलाड़ियों के साथ खेलेगा जो पहले मैच में खेले थे।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया-** मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी, कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम ज़म्पा।

# शमी को भारी पड़ी चयनसमिति के खिलाफ सार्वजनिक बयानबाजी !



**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ में टीम में जगह नहीं मिलने से साफ है कि अब वह चयन समिति की भविष्य की योजनाओं में शामिल नहीं है। भारत ए टीम में कई युवाओं को भी शामिल किया गया है पर शमी को ये कहने के बाद कि वह फिट है जगह नहीं मिलना हैरानी की बात है। हाल ही में उन्होंने बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी मुकाबला भी खेला था। वहीं माना जा रहा है कि जिस प्रकार उन्होंने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बयान के बाद जिस प्रकार से मीडिया में अपनी बात रखी। उससे उन्हें नुकसान हुआ होगा।

शमी ने रणजी ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हुए टीम में जगह नहीं मिलने पर सार्वजनिक रुप से नाराजगी जताई थी। वहीं अगरकर ने शमी को टीम में शामिल नहीं करने का कारण उनकी फिटनेस बताया गया जबकि शमी का कहना था कि अगर उन्होंने रणजी ट्रॉफी में खेला है तो वह 50 ओवर क्रिकेट भी खेल सकते हैं। कहा जा रहा है कि यही बयान उनके खिलाफ गया होगा। बीसीसीआई का कहना है कि शमी का चयन उनकी खराब फिटनेस के कारण नहीं हुआ है तो दूसरी ओर शमी ने अपने को फिट बताया है। ऐसे में हो सकता है कि चयन कमिटी पर सार्वजनिक बयानबाजी के कारण शमी को नुकसान हुआ होगा। इसी कारण से दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ इंडिया ए टीम में उन्हें नहीं चुना गया। शमी ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए उत्तराखंड के खिलाफ 7 विकेट लेकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई थी। ऐसे में साफ था कि शमी को अपने चयन की उम्मीद रही होगी और नाम नहीं आने पर उनकी निराशा बयान के रुप में सामने आई।,

# एशिया कप ट्रॉफी का मामला आईसीसी बैठक में उठायेगा बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब एशिया कप ट्रॉफी को हासिल करने के लिए ये मामला अगले माह होने वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बैठक में उठा सकता है। भारतीय टीम को जीत के बाद भी अब तक एशिया कप ट्रॉफी नहीं मिली है क्योंकि ये एशिया क्रिकेट कार्उसिल (एसीसी) के प्रमुख और पाक क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी के कब्जे में है। भारतीय टीम ने जीत के बाद नकवी के हाथ से ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था। तभी से ये नकवी ने एशिया कप मुख्यालय में रखवा दी है। बीसीसीआई के बार-बार कहने के बाद भी नकवी ट्रॉफी देने तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि कि बीसीसीआई का कोई प्रतिनिधि दुबई में एसीसी मुख्यालय में से ट्रॉफी उनसे ले सकता है पर भारतीय बोर्ड ने इससे साफ इंकार कर दिया है। बीसीसीआई अब अगले महीने आईसीसी की बैठक में यह मामला उठायेगा। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया , एसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि राजीव शुक्ला और श्रीलंका तथा अफगानिस्तान सहित अन्य सदस्य बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह ही एसीसी को पत्र लिखकर ट्रॉफी भारत को देने के लिए कहा था।

इसके जवाब में नकवी ने कहा था कि बीसीसीआई से किसी को दुबई आकर उनसे ट्रॉफी लेनी होगी। इसलिये ये मामला हल नहीं हो रहा है। बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया है कि वह नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे। ऐसे में अब इस पर फैसला आईसीसी की बैठक में ही होगा।''

आईसीसी के प्रमुख बीसीसीआई के पूर्व सचिव जय शाह हैं। ट्रॉफी को हासिल करने इससे पहले हुई एसीसी बैठक में बीसीसीआई के अधिकारियों ने ये मामला उठाया था पर वहां भी नकवी का अड़ियल रुख बना हुआ था। इस बैठक में बीसीसीआई अधिकारियों ने ट्रॉफी नहीं देने के लिये नकवी की कड़ी आलोचना की थी पर उनपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। नकवी ने एसीसी मुख्यालय में भी कर्मचारियों को निर्देश दे दिये कि ये ट्रॉफी उनसे पूछे बिना न दी जाये।

# आईसीसी रैंकिंग: जसप्रीत बुमराह की नंबर-1 पोजीशन खतरे में, पाकिस्तान का ये गेंदबाज दे रहा बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी की ताजा रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। लेकिन उनकी नंबर-1 पोजीशन पर खतरा मंडरा रहा है। उन्हें पाकिस्तान के स्पिनर नौमान अली कड़ी चुनौती दे रहे हैं। वहीं महिला वनडे रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर काबिज है। कुलदीप यादव को गेंदबाजी रैंकिंग में नुकसान हुआ है जबकि विराट कोहली और रोहित शर्मा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-5 में बने हुए हैं। पाकिस्तान के स्पिनर नौमान अली ने टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। वो चार स्थान की छलांग लगाते हुए दुनिया के नंबर-2 टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। नौमान अली अब रेटिंग्स अंकों के मामले में बुमराह से सिर्फ 29 पॉइंट पीछे हैं। टेस्ट की टॉप 10 गेंदबाजों की लिस्ट में बुमराह के अलावा कोई भारतीय नहीं है। टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल एक स्थान के फायदे के साथ 12वें नंबर पर आ गए हैं।

बता दें कि, नौमान अली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में मिलाकर 10 विकेट लिए थे। वहीं दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 2 विकेट लिए थे।

भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेलियाई टूर पर वनडे सीरीज खेल रही है। वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप-10 में चार भारतीय हैं। शुभमन गिल दुनिया के टॉप वनडे बल्लेबाज हैं। रोहित शर्मा तीसरे और विराट कोहली नंबर-5 पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर को एक स्थान का नुकसान हुआ है।



# दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पेरिस मास्टर्स से हटे, जानें बड़ी वजह



पेरिस । दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स से हट गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की। इससे कुछ दिन पहले ही उन्होंने पैर में चोट के कारण एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट में पहले सेट के बाद खेलना बंद कर दिया था। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सत्र में बहुत कम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। उन्होंने चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अलावा केवल आठ ATP टूर प्रतियोगिताओं में ही भाग लिया है। जोकोविच इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन, विंबलडन और अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचे। मई के अंत से सितंबर के अंत तक उन्होंने केवल तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में भाग लिया। जोकोविच ने जिस अंतिम आधिकारिक टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था वह शंघाई मास्टर्स था जिसके सेमीफाइनल में हार के दौरान वह कूल्हे में दर्द से परेशान रहे थे।

## हरभजन सिंह, कीरोन पोलार्ड, पीयूष चावला फिर दिखेंगे क्रिकेट के मैदान में, खेलेंगे ये मशहूर लीग

अबू धाबी - क्रिकेट का सबसे तेज फॉर्मेट अबू धाबी टी10 के 9वें संस्करण में हरभजन सिंह, आंद्रे रसेल, कीरोन पोलार्ड, शिमरोन हेटमायर, पीयूष चावला और फाफ डू प्लेसिस जैसे दिग्गज क्रिकेटर नई टीमों के साथ मैदान में उतरेंगे। जायेद क्रिकेट स्टेडियम में 18 से 30 नवंबर चलने वाले इस टूर्नामेंट में सभी आठ प्रतिभागी फ्रेंचाइजी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सितारों और युवा प्रतिभाओं के साथ ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। अजमान टाइटन्स ने इस सीजन में भारत के विश्व कप विजेता टीम के स्पिनर रहे पीयूष चावला को टीम में शामिल किया है। फ्रेंचाइजी ने मोईन अली, रिली रोसो और एलेक्स हेल्स को शामिल करके अपनी बल्लेबाजी लाइनअप को भी मजबूत किया है। शीर्ष क्रम में अनुभव और ताकत दोनों बढ़ी है। मोईन अली से टाइटन्स के लिए न केवल एक आक्रामक बल्लेबाज के रूप में, बल्कि स्पिन विभाग में एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में भी अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। एस्पिन स्टैलियंस ने आगामी अबू धाबी टी10 के लिए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह को अपनी टीम में शामिल किया है। हरभजन की स्पिन, सैम बिलिंग्स की चतुर बल्लेबाजी, टाइमल मिल्स की तेज गति और आंद्रे फ्लेचर की विस्फोटक बल्लेबाजी के साथ, स्टैलियंस ने आगामी टूर्नामेंट के लिए एक मजबूत टीम तैयार की है। डेक्कन ग्लेडिएटर्स की बल्लेबाजी लाइन-अप अबू धाबी टी10 में सबसे मजबूत है जिसमें निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और मार्कस स्टोइनिस शामिल हैं। इसके अलावा, डेविड विसे का हरफनमौला अनुभव और बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने की उनकी क्षमता टीम को बेहतरीन संतुलन और गहराई प्रदान करती है। दिल्ली बुल्स में अनुभवी ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड और सुनील नारायण हैं। इसके अलावा बुल्स के पास टिम डेविड, रोवमैन पॉवेल और फिल साल्ट जैसे धुरंधर खिलाड़ी हैं, जो आगामी टूर्नामेंट में उनकी बल्लेबाजी को मजबूती प्रदान करते है। नॉर्दर्न वॉरियर्स के पास भी शिमरोन हेटमायर, ट्रेंट बोल्ट, तबरेज शम्सी और दिनेश चांडीमल हैं।

# विराट, रोहित का भविष्य तय करेंगी ऑस्ट्रेलिया सीरीज : पोंटिंग

सिडनी । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के 2027 विश्वकप में खेलने को लेकर अटकलों का दौर जारी है। कुछ पूर्व क्रिकेटरों का कहना है कि उन्हें इसमें खेलना चाहिये। वहीं कुछ का मानना है कि बढ़ती उम्र के कारण ये शायद ही खेल पायें। वहीं इसी पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि विराट और रोहित वर्तमान में जारी एकदिवसीय सीरीज में कैसा प्रदर्शन करते है। इसी पर इनका भविष्य निर्भर करेगा। इसी सीरीज से पता चलेगा कि ये दोनो 2027 विश्व कप तक खेल पायेंगे या नहीं। विराट और रोहित अब केवल एकदिवसीय प्रारूप में ही खेलते हैं और इनका लक्ष्य विश्वकप खेलना है हालांकि अभी दोनो लय के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ब्रेक के बाद ये दोनो ही जब अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए उतरे तो उनकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और वे पर्थ की उछाल भरी पिच पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों के सामने रन नहीं बना पाये। पोंटिंग ने पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री के साथ 'बात करते हुए कहा कि इस जोड़ी को केवल 2027 विश्व कप के बारे में सोचने की जगह अपने लिए छोटे लक्ष्य तय करने चाहिए। पोंटिंग ने कहा, ''एक बात जो मुझे किसी से सुनना पसंद नहीं है, वह यह है कि 'मैंने खेल में सब कुछ हासिल कर लिया है', क्योंकि मुझे लगता है कि आपके पास अब भी कुछ अल्पकालिक लक्ष्य होने चाहिए। आपको केवल 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बारे में अभी नहीं सोचना चाहिए।'' उन्होंने साथ ही कहा, ''विराट शुरू से ही एक बेहद प्रेरणादायी इंसान रहे हैं और मुझे लगता है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज के लिए कुछ लक्ष्य तय कर लिए होंगे। वह अगले विश्व कप के बारे में सोच कर अपना समय बेकार नहीं कर रहे होंगे। यह देखना होगा कि क्या वे विश्व कप तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रख पाएंगे। हमें इस सीरीज के दौरान इसका जवाब मिल जाएगा।'' पहले एकदिवसीय में रोहित और कोहली का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, लेकिन शास्त्री का मानना ??है कि सीमित ओवरों के इन दो महान खिलाड़ियों को अधिक समय दिया जाना चाहिए, क्योंकि आईपीएल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहने के बाद उन्हें लय हासिल करने में समय लगेगा।

# नीरज चोपड़ा टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल बनाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां साउथ ब्लॉक में आयोजित एक कार्यक्रम में नीरज को टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल पद से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना व टेरिटोरियल आर्मी के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

नीरज को ये सम्मान चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा दृढ़ संकल्प, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का प्रतीक बने हैं। वह अपने अनुशासन और समर्पण से न केवल खेल जगत में, बल्कि पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरे हैं। राजनाथ ने नीरज की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि



नीरज ने मैदान में जो अनुशासन और निष्ठा दिखाई, वही भावना उन्हें सेना के आदर्शों से जोड़ती है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सच्चे प्रेरणास्रोत हैं।

नीरज को साल 2016 में भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में शामिल किया गया था। नीरज ने अपने प्रदर्शन से न केवल भारत बल्कि भारतीय सेना का भी गौरवा बढ़ाया है। उन्होंने साल 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारत की ओर से एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने 2024 के पेरिस ओलंपिक में रजत पदक और 2023 की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।

इसके अलावा, नीरज ने एशियाई खेलों, राष्ट्रमण्डल खेलों और डायमंड लीग में भी कई स्वर्ण पदक जीते हैं। उन्होंने हाल ही में 90.23 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो (2025) कर भारतीय एथलेटिक्स इतिहास में नया रिकार्ड स्थापित किया। नीरज की इस उपलब्धियों और राष्ट्र सेवा के प्रति उनके योगदान को देखते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें 16 अप्रैल 2025 को टेरिटोरियल आर्मी में मानद कमीशन प्रदान किया था। नीरज को पद्म श्री, मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, परम विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक जैसे सम्मान भी मिले हैं।

इससे पहले खेल जगत से मानद लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव, सचिन तेंदुलकर और महेन्द्र सिंह धोनी को भी दी गयी थी।

# चैंपियंस लीग में हुई गोल की बरसात, पीएसजी और बार्सिलोना की बड़ी जीत



मैनचेस्टर । चैंपियंस लीग में मंगलवार की रात को गोल की जबरदस्त बरसात देखने को मिली। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सात, बार्सिलोना ने छह और एर्लिंग हालैंड ने सत्र का अपना 24वां गोल किया। कुल मिलाकर नौ मैच में 43 गोल हुए, जिनमें से छह टीमों ने चार या उससे अधिक गोल किए। PSV आइंडहोवन ने इतालवी चैंपियन नेपोली को 6-2 से हराया, जबकि आर्सेनल और इंटर मिलान ने भी बड़ी जीत हासिल कर यूरोप के इस सबसे बड़े क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। लेकिन गत विजेता पीएसजी बायर लेवरकुसेन के खिलाफ 7-2 से जीत के बाद शीर्ष पर है। इस मैच में दोनों टीमें पहले हाफ में 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई थीं। क्लब कि यह तीन मैच में तीसरी जीत है। बार्सिलोना की 6-1 की ओलंपियाकोस के खिलाफ जीत ने उसे महीने की शुरुआत में पीएसजी से मिली हार से उबरने में मदद की। बार्सिलोना की तरफ से फर्मिन लोपेज ने हैट्रिक बनाई और मार्कस रशफोर्ड ने दो गोल दागे। यह लोपेज़ के करियर की पहली हैट्रिक थी। लामिने यामल ने भी एक गोल किया। प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया, जिसमें विक्टर ग्योकेरेस ने दो गोल किए। एक अन्य मैच में हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने विलारियल पर 2-0 से जीत हासिल की। हार्वे बार्न्स ने न्यूकैसल की बेनफिका के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए तथा बोरूसिया डॉर्टमंड ने कोपेनहेगन पर 4-2 से जीत हासिल की।

## शुभमन को एशिया कप टीम में शामिल किये जाने के खिलाफ थे सूर्यकुमार : रिपोर्ट

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टेस्ट और एकदिवसीय टीम के कप्तान शुभमन गिल को भविष्य में तीनो ही प्रारुपों में कप्तानी देना चाहता है और उन्हें इसके लिए तैयार करने में लगा है। इसी कारण शुभमन को पिछले माह हुए एशिया कप में भी बतौर उपकप्तान शामिल किया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव इस फैसले से खुश नहीं थे और उन्होंनें शुभमन को टीम टीम में शामिल किये जाने का विरोध भी किया था पर कोच गौतम गंभीर व चयनसमिति के प्रमुख ने उनकी बात नहीं मानी। रिपोर्ट के अनुसार सूर्या का उनका कहना था कि शुभमन का खेल टी20 के अनुरुप नहीं है। उनकी ये बात काफी कुछ सही भी निकली। शुभमन के लिए एशिया कप अच्छा नहीं रहा। 7 पारियों में वह केवल 127 रन बनाए। एक बार भी वह पचास रन नहीं बना पाये। उन्हें शामिल किये जाने के कारण अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी को तोड़ना पड़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि टीम की घोषणा होने से कुछ देर पहले सूर्यकुमार को जब बताया गया कि शुभमन को टी20 टीम में शामिल किया गया है। तो वह हैरत में पड़ गये पर चयनसमिति प्रमुख अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उन्हें समझा दिया। गंभीर ने आईपीएल में शुभमन के अच्छे प्रदर्शन का भी हवाला दिया।



# मजाकिया अंदाज में बोले हसी, अगर कम उम्र में डेब्यू करता तो सचिन से अधिक रन बनाता

मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल हसी ने कहा है कि अगर उन्हें कम उम्र में खेलने का अवसर मिल गया होता तो वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से भी अधिक रन बना देते। हसी ने हालांकि ये दावा मजाकिया अंदाज में किया और कहा कि इस प्रकार की बातें केवल सपना होती हैं। गौरतलब है कि हसी ने 28 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। वह फरवरी 2004 से जनवरी 2013 तक करीब 9 साल तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेले। उन्होंने अपने करियर में 302 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 49.00 के औसत से 12398 रन बनाए। इस दौरान हसी ने 22 शतक व 72 अर्धशतक लगाये। हसी ने एक चैनल से बातचीत के दौरान मजाकिया अंदाज में कहा, 'मैंने इसके बारे में बहुत सोचा है। मैं कम उम्र में डेब्यू कर पाता तो तेंदुलकर से लगभग पांच हजार रन ज्याद बना देता। तब मेरे रिकार्ड में सबसे ज्यादा शतक, सबसे ज्यादा जीत, सबसे ज्यादा एशेज जीत और सबसे ज्यादा विश्वकप जीतें होतीं। साथ ही कहा कि जब में सुबह उठता हूं तो पता चलता है कि ये सब एक सपना था। मुझे पहले मौका मिलना शानदार होता लेकिन मेरे लिए अच्छी बात यह थी कि जब मुझे चुना गया तो मुझे अपने गेम की बेहतरीन समझ थी।' सचिन सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में शामिल है। उन्होंने 16 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद कई रिकार्ड बनाये है। अपने 24 साल के सबसे लंबे करियर में हर रिकार्ड उनके नाम है। इसमें सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन से लेकर शतक हैं। उन्होंने 664 मैचों में सबसे ज्यादा 34357 रन बनाये हैं। वह 100 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाले एकमात्र क्रिकेटर हैं। उन्होंने 200 टेस्ट में 51 और 463 वनडे में 49 शतक लगाए।



# शीर्ष क्रम का स्ट्राइक रेट चिंता का विषय नहीं लेकिन अगले मुकाबलों में बड़े स्कोर की उम्मीद: मजूमदार

**मुंबई (एजेंसी)।** मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने बुधवार को आलोचनाओं से घिरी भारतीय बल्लेबाजों का समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद है। बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण भारतीय टीम महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जूझ रही है। भारत को अंतिम चार में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड पर जीत की जरूरत है लेकिन इसके लिए मेजबान टीम को बृहस्पतिवार को यहां अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों को पहले शतक का इंतजार है जबकि सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (70.99) और हरलीन देओल (75.11) के स्ट्राइक रेट ने भी शीर्ष क्रम की धीमी बल्लेबाजी की समस्या को उजागर किया है। अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने के बारे में पूछे जाने पर मजूमदार ने जवाब दिया, 'हम अच्छी तरह जानते हैं कि इस विश्व कप में तीन अंक का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं।'

उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'अगर आप पिछले डेढ़ साल, यानी विश्व कप से पूर्व 18 महीनों पर नजर डालें तो मुझे लगता है कि हमने पहले से कहीं अधिक शतक लगाए हैं। हां, तिहरे अंक तक नहीं पहुंचे हैं (मौजूदा विश्व कप में)।' मजूमदार ने हालांकि इस बात को खारिज कर दिया कि व्यक्तिगत बड़े स्कोर नहीं बनने के कारण भारतीय बल्लेबाज दबाव में हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि किसी पर अधिक दबाव है। हमने इस बारे में ईमानदारी से चर्चा की है और खिलाड़ी भी ईमानदार रहे हैं कि हम अर्धशतक की बजाय उसे शतक में बदल सकते थे। वे इस बात से वाकिफ हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले कुछ मैच में ऐसा होगा।'

मजूमदार ने प्रतियोगिता में प्रतिका और हरलीन के 80 से कम के स्ट्राइक रेट को अधिक तूल नहीं दिया। इन दोनों ने मिलकर 10 पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। उन्होंने कहा, 'अगर आप पिछले साल दिसंबर में प्रतिका रावल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से उनकी प्रगति पर नजर डालें तो उनका औसत लगभग 50 (47.04) है और उनका स्ट्राइक रेट लगभग 82-83 (81.92) है।'

मजूमदार ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शानदार है और हम चाहेंगे कि वह इसी तरह बल्लेबाजी करती रहें। पूरी टीम उनके और हरलीन के साथ है। मुझे नहीं लगता कि इस विषय पर कोई चर्चा हुई है।' टीम की परेशानियों के बावजूद मजूमदार ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर स्थिति को अच्छी तरह से संभाल रही हैं। उन्होंने कहा, 'घरेलू विश्व कप में थोड़ा दबाव तो होता ही है लेकिन यह टीम इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।'

मजूमदार ने कहा, 'हमारे पास कुछ अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ युवा खिलाड़ियों को भी मौका देने की आजादी है। मुझे लगता है कि सभी खिलाड़ी दबाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह (हरमनप्रीत) शानदार कप्तानी कर रही हैं। अगर आप देखें तो इस विश्व कप से पहले द्विपक्षीय मैचों में उनका रिकॉर्ड पिछले दो वर्षों में शानदार रहा है।' मुंबई के इस दिग्गज पूर्व खिलाड़ी को उम्मीद है कि हरमनप्रीत जल्द ही एक बड़ी पारी खेलेंगी। उन्होंने साथ ही कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पिछले मैच में जेमिमा रोड्रिग्स को बाहर करना एक कठिन फैसला था।



## कोविड के बाद मांग में उछाल से कंपनियों का मुनाफा तीन गुना बढ़ा



**नई दिल्ली** कोविड-19 के बाद कंपनियों का लाभ मांग में ज्यादा उछाल आने से बढ़ा। कंपनियों का वर्ष 2020-21 का 2.5 लाख करोड़ रुपए का लाभ 2024-25 में बढ़कर 7.1 लाख करोड़ रुपए हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित शोध पत्र के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र में खास तौर पर वृद्धि होने से कंपनियों का शुद्ध लाभ मार्जिन में सुधार हुआ और यह 2025-26 में दो अंकों के स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक 2019-20 में सुस्त निजी खपत के कारण घरेलू आर्थिक गतिविधियां सुस्त हो गई थीं और महामारी में स्थिति विकट होने के कारण बिक्री और लाभप्रदता में अहम रूप से गिरावट आई। राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों, महामारी के कारण दबी हुई मांग और प्रभावी लागत प्रबंधन से कॉरपोरेट क्षेत्र ने जोरदार वापसी की। कोविड के बाद की अवधि में आईटी क्षेत्र की गतिविधियों में मंदी और उच्च वेतन खर्च के कारण शुद्ध लाभ मार्जिन में कमी आई। उधर गैर आईटी सेवा क्षेत्र का शुद्ध लाभ मार्जिन कोविड के बाद से नकारात्मक क्षेत्र में बना रहा, जो 2023-24 में सकारात्मक क्षेत्र में लौटा। दूसरी ओर सकल स्तर पर परिचालन लाभ मार्जिन में अपेक्षाकृत कम उतार-चढ़ाव देखा गया। हालांकि गैर-आईटी क्षेत्र का परिचालन लाभ मार्जिन अस्थिर बना रहा और यह 2016-17 के 19.2 फीसदी से घटकर 2018-19 में 11.7 फीसदी हो गया। फिर 2023-24 में बढ़कर 22.4 फीसदी हो गया। यह बड़े उद्यमों के लिए आमतौर पर मजबूत स्थिति थी। दरअसल, बड़े उद्योग लगातार मध्यम और छोटे उद्यमों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे। कंपनियों की बिक्री वृद्धि 2021-22 में 32.5 फीसदी पर पहुंच गई, जो 2024-25 में 7.2 फीसदी पर सामान्य थी। यह तेजी से सुधार के चरण से स्थिर विकास में परिवर्तन को दर्शाती है। विनिर्माण क्षेत्र ने स्थिर लाभ मार्जिन बनाए रखा जबकि गैर-आईटी सेवाओं ने शुरुआती अस्थिरता के बाद जोरदार वापसी की। आईटी क्षेत्र की वृद्धि पूरे अवधि के दौरान स्थिर थी।

## डीसीबी बैंक के शेयर्स ने एक ही दिन में इंट्रा-डे ट्रेडिंग में लगाई 15 फीसदी की छलांग



**नई दिल्ली** प्राइवेट बैंक डीसीबी बैंक के शेयर्स एक ही दिन में इंट्रा-डे ट्रेडिंग में 15 फीसदी से ज्यादा की छलांग लगा चुके हैं। ये चार साल में इस बैंक के शेयरों की सबसे तेज बढ़त रही, अप्रैल 2022 के बाद पहली बार ऐसी तेजी आई। बैंक ने सितंबर तिमाही यानी जुलाई से सितंबर 2025 के नतीजे जारी किए थे, जो उम्मीद से कहीं बेहतर निकले। बीएसई पर इंट्रा-डे में ये 148.90 रुपए तक पहुंच गए हैं यानी 15.61 फीसदी का उछाल। कुछ लोग प्रॉफिट बुक करके उतर गए, लेकिन दिन के अंत में भी 12.23 फीसदी की बढ़त के साथ 144.55 रुपए पर बंद हुए। डीसीबी बैंक की ब्याज से नेट इनकम, जो एनआईआई कहते हैं, साल भर पहले की तुलना में 17 फीसदी बढ़कर 509 करोड़ से 596 करोड़ रुपए हो गई। नेट प्रॉफिट भी 19 फीसदी चढ़कर 184 करोड़ रुपए पहुंच गया। पिछली तिमाही से तुलना करें तो प्रोविजन्स आधी रह गईं, मतलब बैंक को कम रिजर्व रखने पड़े। सबसे अच्छी बात, नेट इंटेरेस्ट मार्जिन यानी एनआईएम 3 बेसिस प्वाइंट्स बढ़कर 3.23 फीसदी हो गया। आरबीआई ने रेपो रेट काटा था, लेकिन फिर भी मार्जिन मजबूत रहा। बैंक का प्लान है इसे 3.5 से 3.65 फीसदी तक ले जाना। शेयरों के उछाल की दो बड़ी वजहें रहीं। पहली तो क्रेडिट कॉस्ट का गिरना, जो पिछली तिमाही के 0.59 फीसदी से घटकर 0.31 फीसदी रहा। ये बैंक के लिए राहत की सांस है, क्योंकि कम कॉस्ट मतलब ज्यादा प्रॉफिट। दूसरी बैंक ने आगे की क्रेडिट कॉस्ट को 45 से 55 बेसिस प्वाइंट्स तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा। ये सुनकर निवेशकों का भरोसा और बढ़ गया। वैसे एक साल पहले मार्च 2025 में ये शेयर 101.35 रुपए के निचले स्तर पर था, लेकिन तीन महीने में ही 48.69 फीसदी चढ़कर जून 2025 में 150.70 रुपए के हाई पर पहुंच गया।

# रुस तेल पर सख्ती के चलते रिलायंस ने मुस्लिम देशों से खरीदा 2.5 मिलियन बैरल तेल

**नई दिल्ली**

भारत की प्राइवेट सेक्टर की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले हफ्ते पश्चिम एशिया से कच्चा तेल खरीदा। कंपनी आगे भी ऐसे और ऑर्डर दे सकती है।

यह कदम इस बात का संकेत है कि रूसी तेल पर पश्चिमी देशों का बढ़ता दबाव अब रिलायंस की खरीद रणनीति को प्रभावित कर रहा है। जानकार सूत्रों के मुताबिक रिलायंस ने कम से कम 2.5 मिलियन बैरल तेल खरीदा है, जिसमें इराक का बसरा मीडियम, अल-शाहीन और कतर लैंड शामिल हैं। हालांकि रिलायंस पहले भी इन देशों से तेल खरीदती रही है, लेकिन इस बार खरीदारी सामान्य से कहीं ज्यादा की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेडर्स का कहना है कि रिलायंस अब ऐसे देशों से भी तेल खरीदने की संभावनाएं तलाश रही है, जिनका कच्चा तेल रूसी तेल जैसी क्वालिटी का हो। अब तक रिलायंस भारत में रूस के तेल की सबसे बड़ी खरीदार कंपनी रही है और अपनी रिफाइनरी के संचालन के लिए उस पर काफी हद तक निर्भर रही है।

**अमेरिका का दबाव भारत को कैसे प्रभावित कर रहा है?**

अमेरिका लगातार भारत पर रूसी तेल आयात घटाने का दबाव बना रहा है, ताकि यूक्रेन युद्ध में रूस की वित्तीय ताकत कम की जा सके।

इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत ने रूस से तेल



खरीदना बंद करने पर सहमति जताई है, हालांकि भारत सरकार ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। भारतीय रिफाइनरियों ने संकेत दिया है कि वे रूसी तेल की खरीद घटा सकते हैं, लेकिन उसे पूरी तरह बंद नहीं करेंगे।

## एनआरआई जमा योजना में धन की आवक अप्रैल-जुलाई में घटकर 4.7 अरब डॉलर

**नई दिल्ली** विदेश में रह रहे प्रवासी भारतीयों के प्रवासी (एनआरआई) जमा योजना में धन की आवक अप्रैल-जुलाई 2025 में घटकर 4.7 अरब डॉलर रह गई है, जो पिछले साल की समान अवधि में 5.8 अरब डॉलर थी। आरबीआई के ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि यह गिरावट प्राथमिक रूप से फॉरेन करेंसी नॉन रेजिडेंट बैंक जमा में आई कमी के कारण है। आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2025 के आखिर तक एनआरआई जमा 167.86 अरब डॉलर था, जो एक साल पहले के 168.32 अरब डॉलर की तुलना में कम है। एनआरआई जमा योजना में फॉरेन करेंसी नॉन रेजिडेंट (एफसीएनआर) जमा, नॉन रेजिडेंट एक्सटर्नल (एनआरई) जमा और नॉन रेजिडेंट ऑर्डिनरी (एआरओ) जमा शामिल है। एफसीएनआर बैंक खातों में अप्रैल-जुलाई 2025 के दौरान 7.72 करोड़ डॉलर जमा हुए, जो अप्रैल-जुलाई 2024 के 2.8 अरब डॉलर की तुलना में कम है। एफसीएनआर (बी) खातों में जमा राशि जुलाई के अंत में 33.58 अरब डॉलर रही। बहरहाल एनआरई जमा में अप्रैल-जुलाई 2025 में 2.41 अरब डॉलर आए हैं, जो अप्रैल-जुलाई 2024 के 1.78 अरब डॉलर की तुलना में ज्यादा है।

## बैंक बिना पूर्व अनुमति बना सकेंगे सहायक कंपनियां, आरबीआई कर रहा विचार

नई दिल्ली,(ईएमएस)। वाणिज्यिक बैंकों को सहायक इकाइयां स्थापित करने के लिए संभवतः अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अनुमति लेना जरुरी नहीं होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि अगर सहायक इकाई बीमा या संपत्ति प्रबंधन से जुड़ी हुई है तो बैंक को संबंधित नियामकों से मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। केंद्रीय बैंक इस मसले पर विचार कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि बैंकों की कारोबार सुगमता के लिए इस पर विचार किया जा रहा है। नियामक वित्तीय क्षेत्र के लिए नियमों को सुव्यवस्थित कर रहा है, ताकि कारोबार करने में आसानी हो और यह उसी दिशा में एक कदम है। बैंकिंग रेग्युलेशन ऐक्ट में उन व्यवसायों का ब्योरा है, जिनमें स्टैंडर्ड बैंकिंग से आगे बढ़कर बैंक काम कर सकता है। अगर बैंकों को मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होती है, तो यह मौजूदा प्रथा से उल्लेखनीय बदलाव होगा। करीब 2 दशकों से रिजर्व बैंक ने किसी बैंक को सहायक इकाई स्थापित करने की अनुमति नहीं दी है। इसके पहले तमाम बड़े निजी बैंकों ने नियामक से कारोबार के लिए सहायक इकाई बनाने की अनुमति के लिए अनुरोध किया था, जिसमें लेंडिंग और इन्फ्रा फाइनेंस जैसे व्यवसाय शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने इसके लिए मंजूरी नहीं दी। इसके अलावा बैंकों द्वारा किए गए व्यवसायों के तरीकों को लेकर रिजर्व बैंक मसौदा मानक पेश करेगा। इसमें यह प्रस्ताव दिया जाएगा कि बैंकों की शाखाएं उस तरह की उधारी देने से दूर रहें, जैसा मूल बैंक करता है। इसके बजाय शाखाओं को उन सेग्मेंट पर ध्यान देना होगा, जिस क्षेत्र में मूल बैंक की मौजूदगी नहीं है। सूत्र ने कहा कि उदाहरण के लिए अगर कोई बैंक आवास ऋण पर ध्यान दे रहा है तो उसकी सहायक इकाई सस्ते आवास या संपत्ति पर ऋण देने पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। इसके पीछे विचार यह है कि काम का दोहराव नहीं होना चाहिए।


# सितंबर में खुदरा महंगाई सबसे नीचे आई, खाने-पीने की चीजों के गिरे दाम

**आरबीआई रिपोट: वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद ग्रोथ रफ्तार रहेगी बरकरार**

**नई दिल्ली**

दुनिया भर में मंदी की आहट है, व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत खड़ी है। आरबीआई रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद हमारी ग्रोथ की रफ्तार बरकरार रहेगी और ये सब घरेलू ताकत से हो रहा है। मतलब बाहर की ट्रेड टेंशन चाहे कितनी तेज चलें, हमारा देश आगे बढ़ रहा है। पहली बड़ी राहत महंगाई की है। सितंबर में खुदरा महंगाई जून 2017 के बाद सबसे नीचे आ गई है। ये सब जीएसटी में कटौती के चलते खाने-पीने की चीजों के दाम गिरने से हुआ, लेकिन कोर महंगाई थोड़ी बढ़ी है। इसकी वजह है सोने की कीमत और हाउसिंग, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई काबू में है।

आरबीआई को ग्रोथ पर फोकस करने का मौका मिल गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पॉलिसी स्पेस बन गई है यानी ब्याज दरें घटाने की गुंजाइश है। अगर एमपीसी मीटिंग में रेट कट होता है, तो होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन सब सस्ते हो जाएंगे। ईएमआई कम होगी, लोग ज्यादा खर्च करेंगे, दुकानें चलेंगी, फैक्टरियां तेज दौड़ेंगी। त्योहारी सीजन में जीएसटी कटौती भी मदद करेगी, चीजें सस्ती होंगी, मांग बढ़ेगी। दूसरी खुशखबरी घरेलू मांग की मजबूती की है। हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स बता रहे हैं कि शहरों में डिमांड वापस लौट आई है, गांवों में तो पहले से दमदार है। कृषि सेक्टर ने कमाल किया, ज्यादा बारिश, खरीफ की बंपर बुवाई, जलाशय रिकॉर्ड लेवल पर, मिट्टी में नमी भरपूर रबी सीजन भी धांसू रहेगा।



मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज दोनों में कंपनियां फ्यूचर को लेकर उत्साहित हैं।

ये सब मिलकर अर्थव्यवस्था को बूस्ट देगा। दुनिया भी तारीफ कर रही है, आईएमएफ ने 2025 की जीडीपी ग्रोथ 6.6 फीसदी अनुमानित की, 20 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर। ओईसीडी ने 6.7 फीसदी, 40 बेसिस प्वाइंट ऊपर। वर्ल्ड बैंक 6.5 फीसदी और आरबीआई की एमपीसी ने 2025-26 के लिए 6.8 फीसदी, 30 बेसिस प्वाइंट बढ़ाकर। मतलब भारत की इकोनॉमी रेसिलिएंट है, यानी मजबूत है।


ये रिपोर्ट बताती है कि देश की ताकत अंदर से है, गांव-शहर की मांग, किसान की मेहनत, कारोबारियों का कॉन्फिडेंस। महंगाई कम होने से लोन सस्ते होंगे, खर्च बढ़ेगा, नौकरियां आएंगी। इसके साथ आम आदमी को फायदा भी कई चीजों से होगा जैसे सस्ती ईएमआई, सस्ती चीजें, बेहतर ग्रोथ।

# भारत का लग्जरी गुड्स मार्केट 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता

**नई दिल्ली**

ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत का लग्जरी गुड्स मार्केट 2025 तक 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.1 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जिससे भारत की ग्लोबल लग्जरी मार्केट में एक स्ट्रॉन्ग प्लेयर के रूप में मौजूदगी दर्ज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, लग्जरी रिटेल परिदृश्य की पुनर्कल्पना की जा रही है, जहां ब्रांड लेन-देन के दायरे से आगे बढ़कर क्यूरेटेड लाइफस्टाइल अनुभव प्रदान कर रहे हैं। लग्जरी गुड्स मार्केट की वृद्धि में दक्षिण अफ्रीका 15 प्रतिशत, भारत 10 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात 9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अग्रणी देशों में शामिल हैं।

रिपोर्ट में बताया गया हैं कि भारत के पूर्वानुमानित अवधि में 74 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि प्राप्त करने की उम्मीद है, जो लग्जरी इकोसिस्टम में इसके बढ़ते महत्व को दिखाता है। भारत के विकास में योगदान देने वाला प्रमुख कारक धनी व्यक्तियों की बढ़ती संख्या है। 2025 में फिजिकल लग्जरी स्टोर में पर्सनल लग्जरी गुड्स की बिक्री का 81 प्रतिशत हिस्सा रहा, जो इस सेक्टर की मजबूती और व्यक्तिगत जुड़ाव के निरंतर महत्व को दर्शाता है।



ग्लोबल लग्जरी मार्केट का मूल्य 2025 में 1.5 ट्रिलियन डॉलर रहा, जो कि निरंतर व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक व्यवधानों के बावजूद मजबूत बना हुआ है। यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल में लग्जरी गुड्स के लिए ग्लोबल इनसाइट मैनेजर फ्लूर रॉबर्ट्स ने कहा, बाजार की अनिश्चितता के बीच, उद्योग एक गहन परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जो उत्पाद-केंद्रित मॉडल से अनुभव-संचालित जुड़ाव की ओर बढ़ रहा है। फिजिकल लग्जरी स्टोर विशिष्टता और आतिथ्य के माध्यम से पहचान की अभिव्यक्ति बन रहे हैं। ये वातावरण उच्च-स्तरीय आतिथ्य को दर्शाते हैं।

## सेवा निर्यात में भारत की छलांग, वैश्विक केंद्र बनने की ओर बढ़ता देश



**नई दिल्ली** भारत वैश्विक सेवा निर्यात के क्षेत्र में तेजी से अग्रणी स्थान की ओर बढ़ रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के अनुसार देश का सेवा निर्यात 14.8 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है, जो वस्तु निर्यात की तुलना में कहीं अधिक है। यह प्रगति तकनीकी नवाचार, संरचनात्मक सुधारों और जनसांख्यिकीय लाभ का परिणाम मानी जा रही है। वर्तमान में भारत की वैश्विक सेवा निर्यात में हिस्सेदारी 4.3 फीसदी है, जिससे वह दुनिया में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। टेलीकॉम, आईटी और बिजनेस सेवाएं कुल सेवा निर्यात का लगभग 75 फीसदी योगदान देती हैं। अकेले टेक्नोलॉजी सेवा निर्यात ने वित्त वर्ष 2024-25 में 200 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। भारत अब ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। वित्त वर्ष 2019 में इनकी संख्या 1,430 थी, जो वित्त वर्ष 2024 में बढ़कर 1,700 हो गई और वित्त वर्ष 2030 तक इसके 2,200 तक पहुंचने की उम्मीद है। इन केंद्रों में लगभग 26 लाख पेशेवर कार्यरत होंगे। इस प्रगति के पीछे जीएसटी, आईबीसी, रेरा, कॉर्पोरेट टैक्स कटौती, सरल श्रम कानून जैसे अनेक संरचनात्मक सुधार जिम्मेदार हैं।

# बारिश ने कर दिया नुकसान.............प्याज, टमाटर, आलू, अनार सारी फसल हो गई बर्बाद

**▸▸ ग्रामीण बाजार सूने हैं और लोगों के पास दीया खरीदने तक के पैसे नहीं**

**मुंबई**

महाराष्ट्र के किसानों के लिए यह साल बेहद कठिन साबित हो रहा है। लगातार बारिश ने फसलें बर्बाद कर दी है और जो थोड़ी-बहुत बची हैं, उनकी कीमतें काफी गिर गई हैं कि इसलिए बेचने पर भी किसानों को घाटा हो रहा है। प्याज, टमाटर, आलू, अनार और सोयाबीन जैसी फसलें इस बार किसानों की कमर तोड़ रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, किसान सुदाम इंगले ने पूरी मेहनत से प्याज की खेती की और करीब 66,000 रुपए खर्च किए लेकिन जब उन्होंने 7.5 क्विंटल प्याज मंडी में बेची, तब सिर्फ 664 रुपए ही हाथ आए। किसान इंगले ने कहा, अब प्याज को खाद बना देना ही बेहतर है, बेचने में भी नुकसान है। सिर्फ प्याज ही नहीं, अनार और सीताफल उगाने वाले किसान भी भारी नुकसान झेल रहे हैं। किसान माणिकराव ने अनार पर 1.5 लाख रुपए और सीताफल पर 1 लाख रुपए खर्च किए लेकिन बारिश ने फसलें बर्बाद कर दीं। उन्हें मजबूरी में फसल जोतनी पड़ी क्योंकि बाजार में बिकने से घाटा और बढ़ रहा था। एशिया की सबसे बड़ी प्याज मंडी लासलगांव में हालत चिंताजनक है। यहां प्याज की कीमतें 500 से 1,400 रुपए प्रति क्विंटल तक हैं यानी औसतन 10-11 रुपए प्रति किलो। मार्च-अप्रैल में हुई बंपर फसल और लगातार बारिश ने प्याज की गुणवत्ता बिगाड़ दी। नासिक के अधिकारी के अनुसार, यहां की 80 प्रतिशत प्याज की फसल बर्बाद हो चुकी है। शहरों में दिवाली की चमक है लेकिन गांवों में स्थिति बहुत ही खराब है। ग्रामीण बाजार सूने हैं और लोगों के पास दीया खरीदने तक के पैसे



नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस बार दिवाली केवल शहरों तक सीमित रह गई है। महाराष्ट्र में उत्तर प्रदेश और गुजरात से आयातित प्याज और आलू भी आ गए हैं, जिससे स्थानीय किसानों का नुकसान और बढ़ गया। सोयाबीन की फसल भी बारिश से बर्बाद हुई है। किसान और व्यापारी सरकार की नीतियों से नाराज हैं।

# वीआई अब कॉस्ट कटिंग और 'मेक इन इंडिया' की राह पर

**▸▸ 4जी और 5जी विस्तार के लिए भारतीय कंपनियों पर लगा रही दांव**

**नई दिल्ली**

वोडाफोन आइडिया (वीआई) अब अपनी 4जी और 5जी सर्विस के विस्तार के लिए भारतीय कंपनियों पर दांव लगा रही है। कंपनी ने लागत घटाने और नेटवर्क रोलआउट की रफ्तार बढ़ाने तेजस नेटवर्क्स, एचएफसीएल और एचसीएलटेक जैसी घरेलू टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ साझेदारी शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक वीआई ने तेजस नेटवर्क्स के 4जी और 5जी उपकरणों का ट्रायल एक सर्कल में शुरू किया है। अगर नतीजे अच्छे रहे तो कंपनी जल्द ही बिजनेस ऑर्डर दे सकती है। वोडाफोन आइडिया पहले से ही तेजस के राउटर्स और ऑप्टिकल ट्रांसमिशन गियर का इस्तेमाल कर रही है और अब ऑर्डर की मात्रा बढ़ा रही है। वहीं एचसीएलटेक को कंपनी ने सेल्फ ऑप्टिमिसिंग नेटवर्क टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराने के लिए चुना है, जबकि एचएफसीएल को 5जी नेटवर्क के लिए आईपी/एमपीएलएस राउटर्स सप्लाई करने का अनुबंध मिला है। तेजस नेटवर्क्स के चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर ने बताया कि कंपनी अब निजी टेलीकॉम ऑपरेटरों के साथ भी जुड़ रही है। उनका कहना है कि 2026 से निजी कंपनियों द्वारा तेजस और टीसीएस के 4जी-5जी स्टैक को अपनाने की प्रि वीआई इस समय देश के 17 प्रमुख सर्कल्स में 4जी और 5जी नेटवर्क के विस्तार पर काम कर रही है। कंपनी ने 2024 में नोकिया, ऐरिससन और सेमसंग के साथ 3.6 अरब डॉलर का सौदा किया था। वोडाफोन आइडिया का चालू वित्त वर्ष 2026 के लिए पूंजीगत खर्च का लक्ष्य 7,500 से 8,000 करोड़ रुपए रखा गया है, जिसमें से करीब 5,000 करोड़ रुपए पहले ही खर्च हो चुके हैं। कंपनी ने अब तक 16,500 साइट्स पूरी कर ली हैं और अगले दो क्वार्टर में 8,000-10,000 नई साइट्स जोड़ने की योजना है।

# कई हफ्तों की तेजी के बाद सोना-चांदी में आई गिरावट

**नई दिल्ली**

सोने चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आ गई है। कई हफ्तों की तेजी के बाद मंगलवार को सोना चार साल की सबसे बड़ी एक दिन की गिरावट में फिसला है, ऐसे में रेट करीब 4 फीसदी तक नीचे आ गए। सोमवार को रिकॉर्ड 4381 डॉलर प्रति औंस पर पहुंचा था, लेकिन मंगलवार को 4187 डॉलर तक गिरा यानी 3.8 फीसदी की कमी। बुधवार को भी गिरावट जारी रही, सोना 2.9 फीसदी और नीचे जाकर 4004.26 डॉलर के आसपास पहुंचा, जबकि मंगलवार को तो 6.3 फीसदी तक की गिरावट हो गई थी जो दस साल से ज्यादा की सबसे बड़ी इन्ट्राडे गिरावट थी। चांदी में भी गिरावट देखने को मिली, मंगलवार को 7 फीसदी फिसली और बुधवार को 2 फीसदी से ज्यादा नीचे जाकर 47.6 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि पहले 54 डॉलर थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पहला तो अमेरिकी डॉलर मजबूत हो गया है, जिससे विदेशी निवेशकों के लिए सोना चांदी महंगा हुआ। दूसरा अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में नरमी के संकेत मिल रहे हैं, राष्ट्रपति ट्रंप और शी जिनपिंग की अगले हफ्ते मुलाकात होने वाली है, ट्रेड डील की उम्मीद से सेफ हेवन वाली मांग कम हो गई। तीसरा



टेक्निकल इंडिकेटर्स जैसे आरएसआई ओवरबॉट जोन में पहुंच गए थे, मतलब कीमतें बहुत तेज चढ़ गईं, करेक्शन तो बनता था। सैक्सो बैंक के एक्सपर्ट ओले हैनसन कहते हैं कि ट्रेडर्स सावधान हो गए थे, मार्केट ऊपर जा चुका था, अब ये करेक्शन असली ताकत दिखाएगा, लेकिन लंबे निवेशक अभी भी इंटरेस्टेड हैं, गिरावट सीमित रह सकती है।

चौथा ईटीएफ मार्केट में हलचल, दुनिया के सबसे बड़े गोल्ड ईटीएफ एसपीडीआर गोल्ड शेयर्स में ऑप्शन वॉल्यूम रिकॉर्ड तोड़ दिया, पिछले हफ्ते दो दिनों में 20 लाख से ज्यादा कॉन्ट्रैक्ट्स ट्रेड हुए। ट्रेडर्स गिरावट पर हेजिंग कर रहे हैं या प्रॉफिट बुक कर रहे हैं। चांदी में इस साल 80 फीसदी रैली के बाद 7 फीसदी गिरावट, लंदन में शॉर्टेज, शंघाई से आउटफ्लो, न्यूयॉर्क स्टॉकपाइल घटे। पांचवां अमेरिकी सरकार शटडाउन से सीएफटीसी की साप्ताहिक रिपोर्ट नहीं आई, हेज फंड्स की पोजीशन का पता नहीं चल रहा है, ट्रेडर्स अंधेरे में ट्रेडिंग कर रहे हैं, स्पेकुलेटिव लॉन्ग पोजीशन बढ़ गईं, मार्केट वल्नरेबल हो गया है।

# मारुति सुजुकी ने की विक्टोरिस एसयूवी लॉन्च




**नई दिल्ली**

पिछले महीने भारत में मारुति सुजुकी ने अपनी विक्टोरिस एसयूवी लॉन्च की। इस मॉडल में पहले से ही स्टैंडर्ड 1.5 लीटर नैचुरल पेट्रोल इंजन, सीएनजी बाई-फ्यूल वर्जन और टोयोटा से लिया गया 1.5 लीटर पेट्रोल-इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ऑप्शन उपलब्ध हैं। अब कंपनी इस लाइनअप में चौथा पावरट्रेन ऑप्शन जोड़ने जा रही है बायोगैस (सीबीजी) वेरिएंट। विक्टोरिस एसयूवी का यह बायोगैस वर्जन 2025 जापान मोबिलिटी शो में पेश किया जाएगा। सीबीजी का दहन सीएनजी की तरह होगा, लेकिन यह एक रिन्यूएबल ईंधन है। बायोगैस कार्बनिक अपशिष्ट के क्षय से उत्पन्न मीथेन गैस से बनता है और इसे कम समय में तैयार किया जा सकता है। इसके विपरीत, सीएनजी प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला नॉन-रिन्यूएबल फॉसिल फ्यूल है, जो बनने में लाखों साल लेता है और इसके सीमित भंडार के कारण लंबे समय तक इस्तेमाल करना चुनौतीपूर्ण होता है। नए बायोगैस वर्जन में सीएनजी वर्जन के समान अंडर-बॉडी स्टोरेज टैंक और संरचना दी जाएगी। साथ ही, 1.5 लीटर 4-सिलेंडर के15 नैचुरली एस्पिरेटेड इंजन बरकरार रहेगा। हालांकि, बायोगैस के स्वच्छ दहन को सुनिश्चित करने के लिए इंजन में कुछ मैकेनिकल बदलाव किए जाएंगे। इसका उद्देश्य न केवल प्रदर्शन को बनाए रखना है, बल्कि इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाना भी है। कंपनी ने संकेत दिया है कि मारुति विक्टोरिस बायोगैस वर्जन सीएनजी वर्जन के करीब होगा, लेकिन फिलहाल इसे भारत में स्वतंत्र प्रोडक्ट के रूप में लॉन्च करने की संभावना कम है। शुरुआती रूप में इसे केवल एक कार्यशील प्रोटोटाइप के रूप में जापान मोटर शो में प्रदर्शित किया जाएगा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 23 अक्टूबर 2025
Www.vishalindia.in



# ऋतिक रोशन के साथ वर्षों बाद फिर दिखेंगे रजत बेदी

साल 2003 में 'कोई मिल गया' में ऋतिक रोशन के सामने मेन विलन के किरदार में एक्टर रजत बेदी नजर आए थे। अब खबरें हैं कि रजत वर्षों बाद 'कृष 4' में एक बार फिर वापसी करने वाले हैं और इस बार भी वो फिल्म के मुख्य खलनायक के रूप में नजर आ सकते हैं।

हाल ही में एक इंटरव्यू में जब रजत से उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जो जवाब दिया, उसे सुनकर फैंस के मन में एक उम्मीद जरूर जाग गई है। अभिनेता ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह खुद भी उम्मीद कर रहे हैं कि 'कृष 4' का हिस्सा बनें और अगर ऐसा हुआ, तो यह उनके करियर के लिए किसी बड़े पुनर्जन्म से कम नहीं होगा। रजत ने बताया कि उनके दिल में ऋतिक रोशन और राकेश रोशन के लिए बेहद सम्मान है और वह फिर से उनके साथ काम करने का मौका पाने के लिए दुआ कर रहे हैं।

## ऋतिक की जमकर तारीफ की

उन्होंने ऋतिक रोशन की तारीफ करते हुए कहा कि आज ऋतिक सिर्फ एक स्टार नहीं, बल्कि एक आइकॉनिक इंसान हैं। रजत के शब्दों में, वो एक ऐसे एक्टर हैं जिनसे किसी की तुलना नहीं की जा सकती– परफॉर्मेंस, लुक्स और डांस, हर चीज में वो बेस्ट हैं। रजत के इस बयान के बाद ही लोगों ने यह मान लिया कि कहीं न कहीं, वह इस फिल्म से जुड़ चुके हैं।

## रजत ने ना हां कहा और ना मना किया

कृष 4 पर बात करते हुए रजत ने कहा, मैं तो दुआ कर रहा हूं कि ऐसा हो। अगर ऐसा कुछ हुआ, तो इससे बेहतर कुछ नहीं होगा। ऑडियंस मुझे और ऋतिक को दोबारा स्क्रीन पर साथ देखना चाहती है। मैं बस दुआ कर रहा हूं कि राकेश जी और ऋतिक के साथ काम करने का मौका मिले। मेरे दिल में उन दोनों के प्रति बहुत प्यार और सम्मान है।



# क्राइम कहानियों की शौकीन हैं कोंकणा सेन शर्मा

**कोंकणा सेन शर्मा अपनी शानदार अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी एक सीरीज 'सर्च-द नैना मर्डर केस' ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसका निर्देशन रोहन सिप्पी ने किया है। अभिनेत्री ने इस सीरीज में निभाए अपने किरादर के बारे में विचार प्रकट किए।**

## क्राइम कहानियों में रूचि रखती हैं अभिनेत्री

अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा ने एएनआई से बात की। उन्होंने कहा, मुझे बहुत मजा आया, क्योंकि मुझे सच्चा क्राइम बहुत पसंद है। सिर्फ सच्चा अपराध ही नहीं, बल्कि क्राइम फिक्शन और क्राइम सीरीज भी, मुझे ये सभी पसंद हैं। मैंने बहुत सारी देखी हैं। मुझे यह किरदार वाकई पसंद आया। शुरुआत से ही, मैंने गौर किया कि एसीपी संयुक्ता दास को कैसे पेश किया गया है। हमने उनके घरेलू जीवन, उनके पेशेवर जीवन और दोनों के बीच संतुलन को दिखाया। एक मां के रूप में, एक एसीपी के रूप में, एक पत्नी के रूप में, इन सबके बीच संतुलन बनाए रखते हुए। यह मेरे लिए बहुत दिलचस्प था।

## निर्देशक रोहन सिप्पी ने कहानी को खास बनाने पर बात की

सीरीज 'सर्च–द नैना मर्डर केस' के निर्देशक रोहन सिप्पी ने भी आज के दर्शकों के लिए कहानी को प्रासंगिक बनाए रखने के महत्व पर बात की। जब उनसे पूछा गया कि वे आधुनिक दर्शकों के लिए खुद को कैसे ढालते हैं, तो डायरेक्टर ने कहा, यह जरूरी है क्योंकि वे काल्पनिक और सच्ची अपराध कहानियां, दोनों देख रहे हैं। इसलिए हम यह भी मानते हैं कि अगर कहानी में कोई कमज़ोरी होगी, तो लोग उसे तुरंत पकड़ लेंगे। लेकिन जैसा मैंने कहा, लेखकों को यह जानना जरूरी है कि दर्शकों को यह पसंद आ रही है या नहीं। क्या वे यह अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं कि शक किस तरफ जाएगा।

## क्या है सीरीज की कहानी?

सर्च- द नैना मर्डर केस सीरीज में नैना नाम की एक युवती की कहानी है, जिसकी जिंदगी एक पार्टी के बाद गायब हो जाने के बाद एक खतरनाक मोड़ ले लेती है। कुछ दिनों बाद, उसका शव एक जंगल में मिलता है, जिससे एक चौंकाने वाली हत्या की जांच शुरू होती है। इसके बाद कहानी में और रोमांच बढ़ जाता है।

# पति पत्नी और वो दो में आयुष्मान खुराना की एंट्री



आयुष्मान खुराना इन दिनों फिल्म थामा को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 21 अक्तूबर को रिलीज होने जा रही है। रोशनी के इस त्योहार पर आयुष्मान के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। उनकी अगली फिल्म का एलान हो गया है। नाम है– पति पत्नी और वो दो। यह फिल्म अगले साल होली पर दस्तक देगी। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना के अलावा सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगे।



# 150 करोड़ रुपये के बजट वाले एड फिल्म में काम कर रहे हैं बॉबी देओल, श्रीलीला और रणवीर सिंह

एक्टर बॉबी देओल, श्रीलीला और रणवीर सिंह का बीते दिन एक पोस्टर सामने आया था, जिसमें वो तीनों अलग–अलग लुक में दिखाई दे रहे थे। दावा किया जा रहा था कि किसी फिल्म का हिस्सा हैं, जिसमें उनका कोई खतरनाक रोल होगा। मगर इस पर अफवाह अब फुलस्टॉप लगा। क्योंकि ये 150 करोड़ रुपये के बजट वाले एक एड फिल्म में काम कर रहे हैं। और इसका डायरेक्शन कोई और नहीं, बल्कि जवान के डायरेक्टर एटली करेंगे। बताया जा रहा है कि ये एड फिल्म चिंग्स देसी चाइनीज और उसके ने कैम्पेन एजेंट चिंग अटैक्स के लिए है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस एड फिल्म की शूटिंग एक फीचर फिल्म की तरह ही की जाएगी, जिसमें एक बड़ा सेट होगा। साथ ही इसके बजट के बारे में भी इस रिपोर्ट में बताया गया है, जो कि बहुत बड़ा अमाउंट है। रणवीर–बॉबी और श्रीलीला का एड सोर्स के हवाले से बताया गया, चिंग्स देसी चाइनीज का एड कैम्पेन, जिसमें रणवीर सिंह , बॉबी देओल और श्रीलीला मुख्य भूमिकाओं में हैं, उसे एटली डायरेक्ट कर रहे हैं। और लगभग 150 करोड़ रुपये के भारी–भरकम बजट पर बनाया जा रहा है। कंपनी 19 अक्टूबर को मुंबई में एक स्क्रीनिंग भी आयोजित कर रही है , जिसमें एटली, रणवीर और श्रीलीला शामिल होंगे। बता दें कि श्रीलीला को आखिरी बार भानु भोगवरपु निर्देशित मास झटारा में देखा गया था। इसके अलावा, रणवीर सिंह को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में और बॉबी देओव को आर्यन खान की डायरेक्ट वेब सीरी बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया था। और अब ये तीनों एड फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं।



# हिंदू परिवार में शादी करने पर ट्रोल हुईं सारा खान

हाल ही में 'बिदाई' फेम टीवी एक्ट्रेस सारा खान दूसरी बार शादी के बंधन में बंधीं। आठ अक्टूबर को एक्ट्रेस ने एक्टर–प्रोड्यूसर कृष पाठक संग रजिस्टर्ड मैरिज किया है। हालांकि, दूसरे धर्म में शादी करने की वजह से सारा को ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। अब सारा के सपोर्ट में उनके ऑन स्क्रीन पति एक्टर अंगद हसीजा ने चुप्पी तोड़ी है। अंगद ने अपनी दोस्त को सपोर्ट करते हुए इंडिया फोरम से कहा– 'सारा को शादी बहुत ही सिंपल तरीके से करनी थी। उसकी हमेशा से चाहत थी। तो बस उसका परिवार और मैं अकेला दोस्त वहां मौजूद था। 18 साल की जान पहचान में आप दोस्त नहीं परिवार बन जाते हैं। उसका पार्टनर बहुत अच्छा है। सास बहुत अच्छी है। उन्होंने सारा को बहुत प्यारा से अपनाया है। वो बहुत जल्द ही धूमधाम से शादी करेगी।' वहीं, शादी की वजह से सारा की ट्रोलिंग पर एक्टर ने कहा– अब वक्त बदल गया है। लोग अपग्रेड हो गए हैं और उनकी सोच बदल गई है। मुझे नहीं लगता कि किसी को कास्ट को लेकर फर्क पड़ता है। पहले का वक्त चला गया है। मेरे लिए ये बहुत फनी सी बात है। बता दें कि ट्रोलिंग को लेकर सारा ने भी ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया था। उन्होंने एक वीडियो मैसेज के जरिए कहा था– 'कृष और मैं अलग–अलग संस्कृतियों से हैं लेकिन हमारा मानना है कि हमारे धर्मों ने हमें प्रेम करना सिखाया है। हमारे परिवारों ने हमें सबसे पहले दूसरों का सम्मान करना सिखाया है। हम भी यही मानते हैं और एक जैसा सोचते हैं। मैं शुभचिंतकों को उनके प्यार के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं और साथ ही उन निगेटिव टिप्पणियों को भी संबोधित करना चाहती हूं, जिन्हें बहुत सीखने की जरूरत है। कोई भी धर्म आपको किसी अन्य धर्म या विश्वास को नीचा दिखाना या किसी का अनादर करना नहीं सिखाता है।

हम अपने शुभचिंतकों के साथ अपना मैरिटल स्टेटस शेयर कर रहे हैं न कि किसी की मंजूरी मांग रहे हैं क्योंकि हमें पहले ही अपने परिवारों और कानून से इसकी मंजूरी मिल चुकी है। मेरे ईश्वर के साथ मेरा रिश्ता पूरी तरह से मेरा। मेरे और मेरे ईश्वर के बीच किसी को भी कमेंट करने का कोई अधिकार नहीं है।



# सैयारा की सफलता के बाद अपने करियर के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं अहान पांडे


सैयारा एक्टर अहान पांडे एक बार फिर से ज़ेन जी वाली भीड़ की धड़कनें बढ़ाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। अहान पांडे ने अली अब्बास जफर की अगली फिल्म से अपना लुक दिखा दिया है, जिसपर फैन्स अभी से दिल हारे बैठे नजर आ रहे हैं। लोगों ने अभी से उनके लुक और फिल्म के लिए डेट ब्लॉक करने की बातें भी कह दी हैं। अहान पांडे अब अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट के लिए रेडी दिख रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और इसे यशराज फिल्म्स के आदित्य चोपड़ा प्रड्यूस कर रहे हैं। सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद जो भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव–स्टोरी बनी उसके बाद अब अहान अपने करियर के नए अध्याय की ओर बढ़ रहे हैं।

## सैयारा के रोमांटिक लवर बॉय लुक से बिल्कुल अलग

यह फिल्म अली अब्बास जफर की यशराज फिल्म्स में वापसी को भी है। अहान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपना नया लुक शेयर किया, जिसमें सैयारा के रोमांटिक लवर बॉय लुक से बिल्कुल अलग लुक है।

## अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी

माना जा रहा है कि लव–स्टोरी के बाद अब ये नई एक्शन–रोमांस फिल्म आहान को एक बिल्कुल नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। ये आदित्य चोपड़ा व अली अब्बास जफर की पांचवीं फिल्म होगी, जिनकी जोड़ी ने मेरे ब्रदर की दुल्हन, गुंडे, सुल्तान और टाइगर जिंदा है जैसी हिट फिल्में दी हैं।



# इत्ती सी खुशी में मेरा किरदार आकर्षक और दयालु है

सोनी सब का लोकप्रिय शो इत्ती सी खुशी दर्शकों को लगातार भावुक और प्रेरक कहानी के जरिए जोड़ रहा है। शो की नायिका अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) एक ऐसी युवती है, जो पारिवारिक संघर्षों के बीच अपने पाँच भाई–बहनों की जिम्मेदारी उठाती है। उसकी जिंदगी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं विराट, जिन्हें रजत वर्मा साकार कर रहे हैं। वह एक आकर्षक और रहस्यमयी शख्सियत है, जो अन्विता की जिंदगी में प्यार, उम्मीद और भावनात्मक गहराई लाता है।प्रेम और अपराधबोध के बीच झूलता विराट शो की भावनात्मक धुरी को और सशक्त बनाता है, जिससे वह सबसे प्रभावशाली किरदारों में से एक बन जाता है। शो में अपने किरदार और सफर के बारे में बात करते हुए रजत वर्मा ने विराट को जीवंत करने के बारे में खुलकर बात की, साथ ही उनके सूक्ष्म चित्रण, सह–कलाकारों के साथ उनकी सहज ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री और दर्शकों से किरदार को मिली दिल को छू लेने वाली प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी साझा की।

**आप इत्ती सी खुशी में विराट के किरदार से खुद को किस तरह जोड़ते हैं? और उसे निभाने में सबसे बड़ा इनाम या चुनौती क्या रही?**

विराट ऐसा किरदार है, जो अन्विता की जिंदगी में गर्माहट और उम्मीद लेकर आता है। वह आकर्षक और दयालु है, लेकिन उसके अतीत में एक रहस्य छिपा है। इस किरदार का सबसे पुरस्कृत हिस्सा उसके गहरे भावनात्मक पहलुओं को खोजना रहा और सबसे बड़ी चुनौती रही उसकी सहज आत्मविश्वास और भावनात्मक गहराई को निभाना, क्योंकि मेरी खुद की पर्सनैलिटी थोड़ी संकोची है। अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर निकलना और विराट की यात्रा को प्रामाणिक रूप से दिखाना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा है।

**विराट इस समय भावनात्मक दौर से गुजर रहा है अपनी पहचान वीर के रूप में उजागर होने से लेकर अन्विता के परिवार की मदद करने तक आप उसकी इस यात्रा को कैसे देखते हैं?**

विराट की यात्रा पूरी तरह प्रेम से प्रेरित एक परिवर्तन है। वह अन्विता की जिंदगी में उम्मीद की किरण बनकर आता है, उसे संघर्षों से राहत और सहारा देता है। लेकिन जब उसकी असली पहचान सामने आती है, तो उसे अपने अतीत के परिणामों का सामना करना पड़ता है और भावनात्मक चुनौतियों से जूझना पड़ता है। अन्विता के परिवार के प्रति उसका अटूट सहयोग, उसकी गहराई और जिम्मेदारी उठाने की क्षमता को उजागर करता है। यह भी बताता है कि सबसे मुश्किल क्षणों में भी उस पर भरोसा किया जा सकता है।

**आप और सुम्बुल ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री कैसे क्रिएट कर रहे हैं?**

सुम्बुल एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और हमारे बीच एक नैचरल कनेक्शन है, जो स्क्रीन पर खूबसूरती से नज़र आता है। हम सीन से पहले बातचीत करते हैं, किरदारों के नजरिए और भावनाओं को समझते हैं। हम एक–दूसरे पर भरोसा करते हैं कि सीन में ज़रूरी डायनैमिक्स, चाहे तनाव हो, गर्माहट हो या दोनों का मेल, लाकर देंगे। यही सहयोग हमारी ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री को वास्तविक और प्रभावी बनाता है।

**आप बाल कलाकारों से सबसे ज्यादा किससे जुड़ाव महसूस करते हैं? सेट का कोई मजेदार किस्सा?**

सेट पर सभी बाल कलाकारों के साथ मेरा एक सच्चा रिश्ता है; वे हर दृश्य में अविश्वसनीय ऊर्जा, आनंद और प्रामाणिकता लाते हैं। सेट पर हर दिन जीवंत और जिंदगी से भरा लगता है और उनका उत्साह हमारे साथ शूट किए गए दृश्यों को और भी बेहतर बना देता है। मुझे सबसे ज़्यादा हैरानी उनकी लगन और कौशल से होती है। इतनी छोटी उम्र के बावजूद, वे जिस परिपक्वता और कुशलता से अभिनय करते हैं, वह मुझे अक्सर अचंभित कर देता है। उन्हें काम करते हुए देखकर, आप कभी–कभी उनकी उम्र भूल जाते हैं; उनका ध्यान, समय और स्वाभाविक स्वभाव वाकई प्रेरणादायक है। उनकी उपस्थिति न केवल शो में ताज़गी लाती है, बल्कि उनके आसपास के सभी लोगों को सेट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित भी करती है।

**एक ऐसे किरदार की तैयारी कैसे करते हैं, जो अपराधबोध, प्रेम, रहस्य और जिम्मेदारी के बीच संतुलन साधता है?**

विराट की जटिल भावनाओं को निभाने के लिए उसे गहराई से समझना ज़रूरी था। मैं उसके हर कदम के पीछे की प्रेरणा, उसके रहस्यों का बोझ और उन सबका उसके रिश्तों पर असर समझने की कोशिश करता हूँ। इसके लिए मैं स्क्रिप्ट का गहराई से अध्ययन करता हूँ, निर्देशक से चर्चा करता हूँ और व्यक्तिगत रूप से भी उस पर चिंतन करता हूँ। यह अवलोकन ही चिंतन और अनुभूति का मिश्रण है, जो मुझे विराट के किरदार की परतों को विश्वसनीय ढंग से निभाने में मदद करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in